RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-190 जयपुर, बुधवार, 07 जनवरी 2026 मूल्य-4 रूपये

### सीएम भजनलाल शर्मा ने राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस को किया संबोधित

# राजस्थान के विकास में एआई बनेगा परिवर्तनकारी शक्ति

जयपुर

जयपुर के जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026 के उद्घाटन सत्र को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस 21वीं सदी में मानवता के लिए एक नया कोड लिख रहा है। उन्होंने कहा कि एआई विकसित राजस्थान के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और इसके विवेकपूर्ण उपयोग से ई-गवर्नेंस तथा डिजिटल समावेशन को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है, जिससे आमजन के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। उन्होंने उद्यमियों, निवेशकों और युवाओं से आह्वान किया कि वे एआई आधारित नवाचारों के लिए राजस्थान को अपना केंद्र बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एआई को राष्ट्रीय शक्ति के रूप में विकसित कर रहा है।




## जयपुर में बनेगा बड़ा डेटा सेंटर: वैष्णव

जयपुर में जल्द ही एक बड़े डेटा सेंटर का निर्माण किया जाएगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026 के तहत आयोजित एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि डेटा सेंटर का शीघ्र भूमि पूजन होगा। इसके साथ ही लघु उद्योग भारती के सहयोग से 5 हजार युवाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस की थीम 'एआई - सबकी पहुंच में, सबके लिए' रखी गई। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजस्थान की धरती से 10 लाख युवाओं को एआई स्किलिंग देने का राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसका लाभ पूरे देश के युवाओं को मिलेगा।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के एआई इंडेक्स में भारत को दुनिया के टॉप-3 एआई देशों में शामिल किया गया है। अमेरिका और चीन के साथ भारत को एआई इनोवेशन, रिसर्च और डेवलपमेंट का प्रमुख केंद्र माना गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एआई से जुड़ी पढ़ाई और शोध के लिए दुनिया भारत की ओर देखेगी।

## मुख्यमंत्री ने लॉन्च की AI-ML नीति-2026

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को नेशनल एआई लिटरेसी प्रोग्राम, राजस्थान एआई-एमएल पॉलिसी 2026, आईस्टार्ट लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, राजस्थान एवीजीसी-एक्सआर पोर्टल तथा राजस्थान एआई पोर्टल का शुभारंभ किया। इन पहलों के माध्यम से राज्य में एआई आधारित शिक्षा, स्टार्टअप्स, शोध, कौशल विकास और डिजिटल गवर्नेंस को नई गति मिलेगी तथा सूचना प्रौद्योगिकी के उभरते हुए क्षेत्रों में नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि तकनीक का प्रभावी उपयोग ही भविष्य के विकास और नागरिकों को सशक्त बनाने का आधार है और राजस्थान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नवाचार, निवेश और सुशासन का अग्रणी केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।*

## डेटा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर विशेष फोकस

नीति के अंतर्गत एआई प्रणालियों को पारदर्शी, जवाबदेह, निष्पक्ष और गोपनीयता-संरक्षित बनाने पर विशेष बल दिया गया है। एआई सिस्टम्स में संभावित पक्षपात को कम करने, डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने और निर्णय प्रक्रियाओं की स्पष्टता बनाए रखने के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं। इसके साथ ही एआई से जुड़े साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग और समाधान हेतु स्पष्ट प्रक्रियाएं निर्धारित की गई हैं। नीति के अंतर्गत प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना भी की जाएगी।

## स्कूल से कॉलेज तक एआई शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

नीति के तहत प्रत्येक विभाग अपने-अपने कार्यक्षेत्र में एआई उपयोग की संभावनाओं की पहचान करेगा तथा एक एआई नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। आधुनिक डिजिटल एवं कंप्यूट अवसंरचना, एआई क्लाउड सेवाएं, सुरक्षित डेटा स्टोरेज और टेस्टिंग प्लेटफॉर्म विकसित किए जाएंगे।

स्कूलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक संस्थानों और कॉलेजों में एआई शिक्षा को प्रोत्साहन दिया जाएगा। युवाओं, शिक्षकों और सरकारी कार्मिकों के लिए विशेष एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। उद्योग, एमएसएमई, स्टार्टअप और रिसर्च संस्थानों को एआई से जुड़ी पहलों के लिए आरआईपीएस, एमएसएमई और स्टार्टअप नीतियों के अनुरूप टॉप-अप प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे।

## राष्ट्रीय एआई साक्षरता कार्यक्रम

आमजन को एआई साक्षर बनाने और तकनीकी कौशल से लैस करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय एआई साक्षरता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम से न सिर्फ विशेषज्ञ और कोडर्स बल्कि बच्चे और सामान्य युवा भी एआई की बारीकियां सीख सकेंगे। युवा एआई फॉर ऑल इस कार्यक्रम का पहला चरण है जिसमें चार घंटे के कोर्स के अन्तर्गत एआई को सरल एवं व्यावहारिक रूप में समझाया जाएगा तथा क्रिएटिविटी, प्लानिंग सहित जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में इसके जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# हनुमानगढ़ में फिर इंटरनेट बंद, पुलिस ने बैरिकेडिंग की



हनुमानगढ़

हनुमानगढ़ में ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री के विरोध में किसान एक बार फिर एकजुट होने लगे हैं। 7 जनवरी (बुधवार) को संगरिया में किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा।

प्रशासन ने अनहोनी की आशंका के चलते संगरिया तहसील और उसके 10 किलोमीटर के दायरे में मंगलवार शाम 6 बजे से 30 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी है। पुलिस ने सभा स्थल की ओर आने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग और वाहनों की जांच शुरू कर दी है।

अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, बीकानेर ने हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर के प्रस्ताव पर इसके आदेश जारी किए हैं। प्रशासन ने बताया कि आगामी गतिविधियों, सभाओं और संभावित भीड़ के कारण शांति भंग होने, अफवाहें फैलने और किसी भी अप्रिय घटना की आशंका है। इसको देखते हुए 6 जनवरी की शाम 6 बजे से 7 जनवरी की रात 11:59 बजे तक इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी।

सोशल मीडिया और इंटरनेट आधारित प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। प्रशासन का मानना है कि इंटरनेट सेवाएं बंद रहने से अफवाहों पर अंकुश लगेगा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि वॉयस कॉल, लैंडलाइन सेवाएं, ब्रॉडबैंड इंटरनेट (अस्पतालों, बैंकों और औद्योगिक इकाइयों में), एसएमएस और मोबाइल कॉलिंग जैसी आवश्यक सेवाएं इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगी। केवल मोबाइल इंटरनेट डेटा सेवाएं ही निलंबित की गई हैं।

# मणिपुर में 3 घंटे में दो आईईडी ब्लास्ट, 2 घायल

## कुकी उग्रवादियों पर ब्लास्ट का शक, सरकार ने NIA को जांच सौंपी



इंफाल

मणिपुर सरकार ने बिष्णुपुर जिले में लगातार दो धमाकों की घटना की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) को सौंप दी है। सोमवार को हुए इन ब्लास्ट में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए थे। ये धमाके स्थानीय स्तर पर बनाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस से किए गए थे।

घटना में शामिल दोषियों को पकड़ने के लिए मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी आस-पास के इलाकों में तलाशी अभियान जारी रहा। सोमवार को फौगाकचाओ इखाई पुलिस स्टेशन इलाके के नगाउकोन गांव में 5:45 बजे एक खाली पड़े घर में IED ब्लास्ट हुआ।

मई 2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से इस घर का परिवार फिलहाल केइबुल लामजाओ के एक रिलीफ कैंप में रह रहा है। पहला धमाका होने के बाद जब गांव वाले मौके पर जमा हुए, तो करीब 200 मीटर दूर पर 8:45 बजे दूसरा ब्लास्ट हुआ।

इस हमले के पीछे कुकी उग्रवादियों का हाथ बताया जा रहा है। ब्लास्ट में घायल हुए लोगों की पहचान सोइबम सनातोंबा सिंह और नोंथोबाम इंदुबाला देवी (37) के रूप में हुई है, घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# गुजरात-कर्नाटक में 7 कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली

गुजरात उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। गुजरात की छह कोर्ट, उत्तर प्रदेश के मऊ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और कर्नाटक के मैसुरु जिला कोर्ट को धमकी दी गई। सभी मामलों में पुलिस और बम स्क्वॉड ने मौके पर जांच की, लेकिन किसी भी कोर्ट या ट्रेन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

वहीं, केरल के कन्नूर जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किए हैं। सभी मामलों की जांच की जा रही है।

गुजरात में हाईकोर्ट और 5 लोकल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली। सूरत की कोर्ट के ऑफिशियल ईमेल पर सोमवार रात 2 बजे धमकी भरा ईमेल आया था। सुबह जब कर्मचारियों ने ईमेल चेक किया तो पुलिस को सूचना दी।

आणंद, राजकोट, अहमदाबाद और भरूच के सेशन कोर्ट को इसी तरह का ईमेल मिला। हालांकि, बम स्क्वॉड की जांच में कोर्ट से कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, यह धमकी एलटीटीई (लिबरेशन टाइगर ऑफ तमिल ईलम) के नाम से दी गई है।

# दिनदहाड़े चौराहे पर तलवार से काटकर युवक की हत्या

## दोस्त के पिता को बोले-तेरे बेटे को भी निपटा देंगे



राजसमंद

राजसमंद में दिनदहाड़े युवक की तलवार से काटकर हत्या कर दी। युवक अपने दोस्त के साथ बोलेरो से आकर चौराहे पर रुका। उसके पीछे स्कॉर्पियो में 6 हमलावर आए। वे गाड़ी से उतरे और वहां खड़े युवक के सिर और पैर पर तलवारों से ताबड़तोड़ वार किए।

हमलावरों ने बीच-बचाव करने आए उसके दोस्त पर भी हमला कर उसे घायल कर दिया। मामला खमनोर थाना क्षेत्र के गांवगुड़ा गांव के चमत्कार चौराहे का मंगलवार सुबह 9:30 बजे का है। मृतक के परिजनों ने 6 आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। खमनोर थाना इंचार्ज नरेंद्र सिंह ने बताया- हमलावर केलवाड़ा थाना क्षेत्र के पासून गांव के रहने वाले हैं। हमले का कारण क्या था, इसके बारे में पता लगाया जा रहा है।

पुलिस ने देर शाम 6 आरोपियों को डिटेन कर लिया, जिनसे पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि बदमाशों के साथ युवक की पुरानी रंजिश थी।

जानकारी के अनुसार, हिम्मत सिंह दसाणा मुंबई में मजदूरी का काम करता है। कुछ दिन पहले ही वह गांव आया था। मंगलवार को वह गांवगुड़ा गांव के चमत्कार चौराहे के पास दोस्त लक्ष्मण सिंह के साथ बोलेरो से आया था।

# डेनमार्क की पीएम बोलीं-ग्रीनलैंड पर हमला किया तो नाटो खत्म

## ट्रम्प के खिलाफ हुए 7 यूरोपीय देश

कोपेनहेगन

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की तो NATO सैन्य गठबंधन का अंत हो जाएगा।

सोमवार रात एक टीवी इंटरव्यू में फ्रेडरिकसन ने कहा कि अगर अमेरिका किसी NATO सदस्य देश पर सैन्य कार्रवाई करता है, तो NATO की पूरी व्यवस्था ही खत्म हो जाएगी। कुछ भी नहीं बचेगा। वहीं फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन और ब्रिटेन के नेताओं ने भी साफ कहा है कि ग्रीनलैंड वहां के लोगों का है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने रविवार को दिए एक बयान में ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही थी। वे वेनेजुएला पर किए हमले को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान ट्रम्प ने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे।

### शरजील-उमर को जमानत न मिलने पर जेएनयू प्रदर्शन

# पीएम और अमित शाह के खिलाफ लगे कब्र खुदेगी के नारे

## यूनिवर्सिटी बोली- आरोपी छात्र सस्पेंड होंगे

नई दिल्ली

दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में सोमवार रात कुछ छात्रों ने पीएम मोदी और अमित शाह के खिलाफ विवादित नारे लगाए। नारेबाजी का 35 सेकेंड का वीडियो मंगलवार को सामने आया। यह अब वायरल हो रहा है।

वीडियो में छात्र 'मोदी-शाह की कब्र खुदेगी, जेएनयू की धरती पर' नारे लगाते और गाते दिखे। बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने दावा किया है कि जेएनयू में यह प्रदर्शन उमर खालिद-शरजील के समर्थन में हुआ। यह विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि राष्ट्रविरोधी विचारधारा का प्रसार है। कांग्रेस ने कहा है कि यह गुस्सा जाहिर करने का एक तरीका है। वहीं जेएनयू प्रबंधन ने कहा- हम इस मामले पर सख्त कार्रवाई करेंगे। यूनिवर्सिटी को नफरत फैलाने वाली प्रयोगशाला नहीं बनने देंगे। यूनिवर्सिटी ने कहा कि मामले में पहले ही स्न्रद्धक्रदर्ज की जा चुकी है। हिंसा, गैर-कानूनी आचरण या राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आरोपी छात्र सस्पेंड होंगे। दरअसल, एक दिन पहले 2020 दिल्ली दंगों की साजिश मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार किया था।



जेएनयू स्टूडेंट्स यूनियन की अध्यक्ष अदिति मिश्रा ने कहा कि हर साल छात्र 5 जनवरी 2020 को कैंपस में हुई हिंसा की निंदा करने के लिए विरोध प्रदर्शन करते हैं।

# हमें एसआईआर कराने का पूरा अधिकार: चुनाव आयोग

## सुप्रीम कोर्ट में कहा- कोई विदेशी वोटर लिस्ट में न रहे ये हमारी जिम्मेदारी

नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि उसे वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेसिव रिविजन कराने का पूरा अधिकार है। आयोग ने यह भी बताया कि उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है कि कोई भी विदेशी नागरिक वोटर लिस्ट में शामिल न हो। सुप्रीम कोर्ट उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिनमें कई राज्यों में चल रही SIR प्रक्रिया को चुनौती दी गई है। इन याचिकाओं में चुनाव आयोग की शक्तियों, नागरिकता की पहचान और वोट देने के अधिकार से जुड़े सवाल उठाए गए हैं। चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने CJI सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच के सामने दलीलें पेश कीं।

द्विवेदी ने कहा कि संविधान के अनुसार राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और जज जैसे सभी प्रमुख पदों पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिक होना अनिवार्य शर्त है।

# एमपी - राजस्थान में भीषण सर्दी, केदारनाथ में तापमान माइनस 23 डिग्री

## हिमाचल-कश्मीर में साल की सबसे ठंडी रात, पारा -10 डिग्री

नई दिल्ली

देशभर में सर्दी लगातार बढ़ रही है। पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण मैदानी राज्यों में घना कोहरा और शीतलहर का प्रभाव है। सर्दी के कारण मध्य प्रदेश के 24, राजस्थान के 20 जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

मध्य प्रदेश के ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे है। सोमवार को छतरपुर का नौगांव सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के 7 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री से नीचे आ गया। हिल स्टेशन माउंट आबू (सिरोही) में लगातार तीसरे दिन तापमान शून्य पर दर्ज हुआ।



इधर, उत्तराखंड का मुनस्यारी सोमवार को सबसे ठंडा इलाका रिकॉर्ड किया गया, जहां न्यूनतम तापमान माइनस 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। केदारनाथ में भारी बर्फबारी के बीच तापमान माइनस 23 डिग्री पहुंच गया। उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री में माइनस 21 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। यहां पानी की पाइपलाइन में बर्फ जम गई।

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के ताबो और जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में सोमवार रात साल की अब तक की सबसे ठंडी रात रही। दोनों जगहों पर न्यूनतम तापमान शून्य से करीब 10 डिग्री नीचे पहुंच गया। इससे झीलों, झरनों और नदियों की छोटी धाराओं में पानी जम गया।

दिल्ली एयरपोर्ट ने कोहरे के कारण मंगलवार सुबह 6 बजे यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की। इसमें यात्रियों से फ्लाइट्स का रियल-टाइम ट्रैवल अपडेट चेक करने को कहा गया है। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि मौसम की स्थिति के कारण उड़ानों के संचालन पर असर पड़ सकता है।

इंडिगो एयरलाइंस ने भी यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। एयरलाइन के मुताबिक दिल्ली, अमृतसर, भोपाल, चंडीगढ़, गुवाहाटी, वाराणसी, रांची और हिंडन एयरपोर्ट पर कम विजिबिलिटी और कोहरे के कारण फ्लाइट शेड्यूल प्रभावित हो सकता

# चांदी 2.45 लाख के ऑल टाइम हाई पर

नई दिल्ली

चांदी आज यानी 6 जनवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, सुबह कारोबार के दौरान एक किलो चांदी की कीमत 7,725 रुपए बढ़कर 2,44,788 रुपए हो गई है। वहीं कारोबार बंद होने पर ये 6087 रुपए बढ़कर 2,43,150 रुपए पर आ गई। एक दिन पहले इसकी कीमत 2,37,063 रुपए किलो थी।

वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 492 रुपए बढ़कर 1,36,660 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोमवार को यह 1,36,168 रुपए पर था। वहीं सोना 29 दिसंबर 2025 को 1,38,161 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंचा था।

# आर्मी डे परेड में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से एंट्री

## एसएसओ आईडी से अधिकतम दो लोगों को प्रवेश, ड्रोन-कैमरा ले जाने पर प्रतिबंध



जयपुर

जयपुर में 15 जनवरी को आयोजित होने वाली आर्मी डे परेड और उसकी रिहर्सल देखने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से एंट्री मिलेगी। इसके लिए मंगलवार शाम से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। कोई भी व्यक्ति sso.rajasthan.gov.in वेबसाइट पर जाकर स्स्ह्र ढ्ढष्ठ से लॉगिन कर सकता है।

लॉगिन के बाद सिटिजन ऐप लिंक में जाकर Army Day Parade Registration विकल्प पर क्लिक करना होगा। यहां केवल दो कॉलम भरकर रजिस्ट्रेशन पूरा किया जा सकता है। एक व्यक्ति अधिकतम दो रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। इसके अलावा ई-मित्र केंद्र के जरिए भी रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जगतपुरा स्थित महल रोड पर 9, 11, 13 को फुल ड्रेस रिहर्सल और 15 जनवरी को आर्मी डे परेड होगी।

रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद आवेदक को मोबाइल पर मैसेज प्राप्त होगा। इस संदेश के जरिए जरूरी दिशा-निर्देश पढ़े जा सकेंगे। साथ ही रूट मैप और पार्किंग मैप भी ऑनलाइन देखे जा सकेंगे, जिससे परेड स्थल तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी न हो।

## 14 जनवरी तक खुला रहेगा रजिस्ट्रेशन

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की यह सुविधा 6 जनवरी की शाम से शुरू होकर 14 जनवरी तक जारी रहेगी। रजिस्ट्रेशन के दौरान आवेदक यह भी चुन सकता है कि वह 9, 11, 13 या 15 जनवरी में से किस दिन की परेड देखना चाहता है। परेड

## उनकी असली जीत हार में है, क्योंकि हार ने उन्हें सिखाया और जीवन की दिशा दी : स्मृति ईरानी



जयपुर (एजेंसी)। सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026 में सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने महिला नेतृत्व और सार्वजनिक सेवा पर खुलकर अपनी बात रखी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ईरानी ने बताया कि उनकी असली जीत हार में है, क्योंकि हार ने उन्हें सिखाया और जीवन की दिशा दी। सत्र में उन्होंने महिलाओं की तकनीक, नीति, स्टार्टअप और सार्वजनिक क्षेत्रों में बढ़ती भागीदारी पर जोर दिया। मल्टीटास्किंग और दृढ़ता को अपने करियर की कुंजी बताते हुए उन्होंने चुनाव हारने के अनुभवों से मिली सीखों का उल्लेख किया। उन्होंने महिला उद्यमियों के सामने आने वाली वास्तविक चुनौतियों, अवसरों और मेंटरशिप की आवश्यकता पर भी चर्चा की। ईरानी ने 9 करोड़ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को नए भारत की उजली तस्वीर बताते हुए अपनी पहलें साझा कीं—1 लाख महिलाओं को सशक्त बनाना, 300 स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना और 100 मिलियन डॉलर से अधिक का फंड जुटाना। उन्होंने कहा कि ये कदम महिलाओं के उद्यमिता इकोसिस्टम को मजबूत करने, अवसर और पूंजी तक पहुंच सुनिश्चित करने की लंबी अवधि की प्रतिबद्धता दर्शाते हैं।

## टाटा हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की धमकी ; हॉस्पिटल खाली कराया गया

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई के परेल इलाके में स्थित टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल को बम से उड़ाने की एक अनजान धमकी मिलने के बाद सोमवार को हड़कंप मच गया। इस धमकी के बाद पुलिस विभाग और हॉस्पिटल प्रशासन तुरंत अलर्ट हो गए हैं और एहतियात के तौर पर हॉस्पिटल कैंपस खाली करा लिया गया है। धमकी भरा कॉल या मैसेज मिलते ही मुंबई पुलिस तुरंत हॉस्पिटल पहुंची। फिलहाल, बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीडीएस) मौके पर पहुंच गया और डॉग स्क्वॉड की मदद से हॉस्पिटल के हर फ्लोर और कोने की अच्छी तरह से जांच की गई। पुलिस उपायुक्त समेत वरिष्ठ अधिकारी हालात पर नजर रखे हुए हैं। चूंकि टाटा हॉस्पिटल देश में कैंसर के इलाज का सबसे बड़ा सेंटर है, इसलिए यहां हर दिन हजारों मरीज और उनके रिश्तेदार आते हैं। बम की खबर फैलते ही इलाके में डर का माहौल बन गया। सुरक्षा कारणों से अस्पताल प्रशासन ने मरीजों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट करना शुरू कर दिया और ओपीडी एवं दूसरी भीड़भाड़ वाली जगहों को खाली करा दिया गया। इस दौरान वहां अफरातफरी का माहौल तो रहा ही मरीजों तथा उनके रिश्तेदारों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ी। फ़िलहाल पुलिस जांच कर रही है कि यह सिर्फ़ अफ़वाह है या हमले की कोशिश। धमकी किस नंबर या माध्यम से आई, इसकी तकनीकि जांच की जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने अपील की है, लोगों को घबराना नहीं चाहिए, पुलिस पूरी जांच कर रही है।

## झारखंड में दो घटनाओं में जंगली हाथियों ने महिला व युवक को कुचलकर मार डाला

रांची (एजेंसी)। झारखंड में अलग-अलग घटनाओं में जंगली हाथियों के हमले से दो लोगों की मौत हो गई। वन अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान पश्चिम सिंहभूम जिले के कितापी गांव की चंपा कुई (47) और लातेहार जिले के मतनाग गांव के वीरेंद्र कोरवा के रूप में हुई है। अधिकारियों के मुताबिक चंपा कुई रविवार तड़के करीब साढ़े चार बजे अपने घर से बाहर निकली थीं, तभी एक हाथी जो झुंड से भटक गया था, गांव में आ गया और उसने चंपा को कुचल दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विभाग की टीम मौके पर पहुंची और परिवार को अंतरिम राहत के रूप में 20,000 रुपए की सहायता राशि दी। विभाग ने परिजनों को औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद सरकारी प्रावधानों के मुताबिक मुआवजा प्रदान करने का आश्वासन दिया। लातेहार जिले में चिपदोहार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मतनाग गांव में शाम करीब चार बजे एक हाथी ने कोरवा को कुचलकर मार डाला। कोरवा चौक बाजार से घर जा रहा था तभी हाथियों के एक झुंड ने उसे घेर लिया और मार डाला। घटना की सूचना मिलते ही रेंजर और वनपाल समेत वन विभाग की एक टीम घटना की जांच के लिए मौके पर पहुंची।

## 8 साल 4 माह की सजा में 387 दिन बाहर, राम रहीम की मनमर्जियां कब रुकेगी?

गुरग्राम (एजेंसी)। अपनी दो शिष्याओं से रेप में 20 साल की जेल की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को फिर 40 दिन की परोल मिली। राम रहीम अभी हरियाणा में रोहतक के सुनारिया जेल में बंद हैं। इसके पहले पिछले साल अगस्त में 40 दिन की परोल मिली थी। इस हालिया परोल से पहले राम रहीम 2017 में दोषी ठहराने के बाद से 14 बार जेल से बाहर आ चुका है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति जैसी संगठनों ने राहत देने की आलोचना की है। जेल से बाहर आने के बाद वह कई बार बागपत स्थित डेरा के आश्रम में रहा।

1. 24 अक्टूबर 2021 को 1 दिन की पैरोल, बीमार मां के लिए।
2. 21 मई, 2021 : 1 दिन की, बीमार मां के लिए फिर।
3. 7 फरवरी, 2022 : 21 दिन की, पंजाब में चुनाव थे।
4. 17 जून, 2022 : 30 दिन, हरियाणा निकाय चुनाव थे।
5. 15 अक्टूर, 2022 : 40 दिन की, आदमपुर उपचुनाव थे।
6. 21 जनवरी 2023 : 40 दिन, शाह सतनाम जयंती थी।
7. 20 जुलाई, 2023 : 30 दिन, 15 अगस्त को बर्थडे था।
8. 21 नवंबर, 2023 :21 दिन, राजस्थान में चुनाव थे।
9. 19 जनवरी, 2024 : 50 दिन, लोकसभा चुनाव होने थे।
10. 13 अगस्त, 2024 : 21 दिन, 15 अगस्त को बर्थडे था।
11. 1 अक्टूबर, 2024 : 21 दिन, हरियाणा में चुनाव थे।
12. 28 जनवरी, 2025 : 30 दिन, दिल्ली में चुनाव थे।
13. 9 अप्रैल, 2025 : 41 दिन, डेरे का स्थापना दिवस था।
14. 5 अगस्त, 2025 : 40 दिन, 15 को बर्थडे था।

# 2027 में सत्ता में लौटाने के लिए आतुर अखिलेश ने तैयार किया चुनावी मिशन 84

### अखिलेश की रणनीति से बसपा और बीजेपी को लग सकता है झटका

**लखनऊ (एजेंसी)।** वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) ने अभी से कमर कस ली है। 10 साल बाद सत्ता में वापसी के लक्ष्य के साथ सपा प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने ऐसी रणनीति तैयार की है, जिससे प्रदेश की जातीय राजनीति में बड़ा बदलाव आ सकता है। अखिलेश की इस रणनीति के केंद्र में राज्य की वे 84 विधानसभा सीटें हैं, जो अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं, साथ ही कई सामान्य सीटें भी हैं, जहां दलित वोट निर्णायक भूमिका में रहते हैं। अखिलेश की इस सक्रियता से न सिर्फ बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की टेंशन बढ़ी है, बल्कि सत्तारूढ़ भाजपा कर दिया है।

दरअसल, उत्तर प्रदेश की राजनीति में दलित वोट बैंक लंबे समय से बसपा की ताकत रहा है। लेकिन बीते कुछ चुनावों में बसपा के कमजोर प्रदर्शन और संगठनात्मक ढील के कारण यह वोट बैंक बिखरता दिखा है। इस मौके के फायदा उठाकर अखिलेश ने दलित समुदाय को सपा से जोड़ने की कवायद तेज कर दी है। पार्टी का मानना है कि अगर बसपा के कोर वोट बैंक में सेंध लगाने में सफलता मिलती है, तब 2027 में भाजपा को सत्ता से बाहर करना आसान होगा।

दरअसल अखिलेश यादव की यह चुनावी रणनीति उनके 'पीडीए' फॉर्मूले पर आधारित है, जिसमें पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग को एकजुट करने का लक्ष्य रखा गया है। सपा नेतृत्व का मानना है कि यही सामाजिक गठजोड़ यूपी की राजनीति का भविष्य तय करेगा। इसी सोच के तहत पार्टी ने फैसला किया है कि वह केवल आरक्षित सीटों तक सीमित न रहकर सामान्य सीटों पर भी बड़ी संख्या में दलित उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। इससे दलित समाज में यह संदेश जाएगा कि सपा उन्हें सिर्फ वोट बैंक नहीं, बल्कि नेतृत्व का मौका देना चाहती है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, सपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों से अहम सबक लिया है। उस चुनाव में दलित वोटों का एक हिस्सा सपा के पक्ष में आया था, जिसने पार्टी के प्रदर्शन को मजबूती दी। अब सपा चाहती है कि विधानसभा चुनाव में समर्थन को और व्यापक रूप दिया जाए। इसी उद्देश्य से 2025 से ही 'पीडीए चर्चा' कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जो प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चलाए जा रहे हैं।

हालांकि, राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि सपा का यह दांव पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। सामान्य सीटों पर दलित उम्मीदवार उतारने से



सवर्ण और अन्य वर्गों के कुछ वोट खिसकने का खतरा भी है। बावजूद इसके, सपा नेतृत्व का भरोसा है कि व्यापक सामाजिक गठबंधन इस नुकसान की भरपाई कर सकता है। अखिलेश यादव खुद कई मौकों पर कह चुके हैं कि 'पीडीए ही यूपी का भविष्य है।'

## मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, जनता के आशीर्वाद से देवराज उर्स का रिकॉर्ड टूट जाएगा

बेंगलुरु । कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से पूर्व मुख्यमंत्री देवराज उर्स का रिकॉर्ड टूट जाएगा। उन्होंने बताया कि देवराज उर्स भी मैसूरु जिले के निवासी थे और उनका रिकॉर्ड भविष्य में कोई भी तोड़ सकता है। सिद्धारमैया ने 1983 के विधानसभा चुनावों का जिक्र कर कहा कि उस समय लोग वोट और धन से समर्थन देते थे, जबकि अब परिस्थितियां अलग हैं। उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि जैसे क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड विराट कोहली ने तोड़ा, वैसे ही भविष्य में कोई मुख्यमंत्री उनसे अधिक समय तक पद संभाल सकता है या अधिक बजट पेश कर सकता है। प्रस्तावित उपकरण सम्मेलन पर उन्होंने कहा कि अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है और कार्यक्रम का आयोजन कृष्णा भैरेगौड़ा करेंगे। कैबिनेट फेरबदल पर उन्होंने कहा कि इस बारे में राहुल गांधी से चर्चा करुंगा और जनवरी में फोन आने पर वे जाएंगे। बल्लारी मामले पर सीएम ने कहा कि भाजपा मौजूदा न्यायाधीश द्वारा जांच की मांग कर रही है, जबकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले रिपोर्ट आने दी जाए, फिर जांच तय होगी। वीबीजी राम की गारंटी आलोचना पर प्रतिक्रिया देकर सिद्धारमैया ने कहा कि 3,000 करोड़ रुपये का 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार पर बोझ डालेगा। सिद्धारमैया का बयान साफ करता है कि राजनीतिक रिकॉर्ड समय के साथ टूटते हैं और भविष्य में किसी भी नेता के लिए नए कीर्तिमान स्थापित करना संभव है।



## तेलंगाना की जनता को धोखा देने के लिए राहुल गांधी और सीएम रेडडी को फांसी देना चाहिए: रामाराव



**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को तेलंगाना की जनता को धोखा देने के लिए कई बार फांसी देना चाहिए। बीआरएस नेता रामाराव का यह बयान मुख्यमंत्री रेड्डी की पिछली टिप्पणियों के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की कड़ी आलोचना कर नदी जल बंटवारे में तेलंगाना के हितों को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाने और सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से अवैध रूप से धन कमाने के लिए उन्हें मृत्युदंड देने की मांग की थी।

मुख्यमंत्री की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया देकर केटीआर ने कहा कि अगर टूटे वादों को भी ध्यान में रखा जाए, तब यह हिसाब लगाना मुश्किल है कि कांग्रेस नेताओं को कितनी बार फांसी दी जाए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा अशोक नगर अड्डा में दो लाख नौकरियों का वादा पूरा न करने, वारंगल में कृषि ऋण माफी योजना लागू न करने और कामारेड्डी में बीसी समुदाय के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण के वादे से मुकरने के लिए कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ जनता को अपना फैसला सुनाना चाहिए। उन्होंने आलोचना कर कहा कि 420 वादों को तोड़ने के लिए कांग्रेस जनता द्वारा 420 बार दंडित किए जाने की पात्र है।

पार्टी के बयान के अनुसार, केटीआर ने कहा कि सीएम रेड्डी को केवल गाली देना आता है, जबकि बीआरएस जरूरत पड़ने पर तीन-चार भाषाओं में जवाब देने की ताकत रखती है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति आईआईटी और आईआईआईटी के बीच या बाचावत ट्रिब्यूनल और बृजेश कुमार ट्रिब्यूनल के बीच अंतर नहीं जानता, उसके लिए तेलंगाना के भविष्य के बारे में बात करना हास्यास्पद है।

# ट्रंप ने फिर दी टैरिफ बढ़ने की धमकी... कांग्रेस का हमला नमस्ते ट्रंप और हाउडी मोदी काम नहीं आया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नकांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भारत के प्रति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रवैये की आलोचना कर कहा कि दोनों नेताओं के बीच बार-बार सौहार्दपूर्ण व्यवहार दिखाने के बावजूद वाशिंगटन लगातार कभी गर्म, कभी ठंडा रुख दिखा रहा है। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर भारत से आयात पर उच्च शुल्क लगाने की धमकी दी है। उन्होंने टिप्पणी की कि नमस्ते ट्रंप और हाउडी मोदी जैसे सार्वजनिक कार्यक्रमों, बार-बार दिखाई गई व्यक्तिगत गर्मजोशी और सोशल मीडिया पर प्रशंसा से भारत को कुछ खास लाभ नहीं हुआ है।

कांग्रेस सांसद रमेश सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री के अच्छे दोस्त भारत के प्रति अपना कभी गर्म, कभी ठंडा रवैया दिखा रहे हैं। उन्होंने फिर धमकी दी है कि अगर भारत रूस से तेल



खरीदना बंद नहीं करता है, तब वे भारत से आयात होने वाले अमेरिकी उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाएंगे। वे सभी नमस्ते ट्रंप, हाउडी मोदी कार्यक्रम, वे सभी (जबरदस्ती के) गले मिलना और अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रशंसा करने वाले वे सभी सोशल मीडिया पोस्ट बहुत कम लाभ पहुंचा रहे हैं।

वहीं कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनाते ने केंद्र पर भारत की प्रतिष्ठा की रक्षा करने में कमजोर और असमर्थ होने का आरोप लगाया। कांग्रेस प्रवक्ता ने पोस्ट किया, 'ट्रम्प वहाँ खड़े होकर भारत का मजाक उड़ा रहे हैं। ट्रम्प के बगल में खड़े अमेरिकी सीनेटर का दावा है कि भारतीय राजदूत राष्ट्रपति को खुश रखने के लिए उनसे विनती कर रहे हैं। ट्रंप का कहना है कि मोदी ने उन्हें खुश करने के लिए अमेरिका के दबाव में रूसी तेल का आयात कम किया है। इसतरह के बेशर्म गुंडे मेरे देश का मज़ाक उड़ा रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की ओर से एक शब्द भी नहीं। मोदी एक आपदा हैं, एक कमजोर, कायर व्यक्ति जो भारत की प्रतिष्ठा की रक्षा करने वाले गुंडों के सामने खड़े नहीं हो सकते।'

यह घटना अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा रूसी तेल के आयात जारी रहने पर टैरिफ बढ़ाने की भारत को नई चेतावनी देने के बाद सामने आई है, जिसमें उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर उनकी नाराजगी से अवगत हैं। ट्रंप ने कहा कि रूसी तेल आयात के मुद्दे पर भारत का उन्हें खुश रखना महत्वपूर्ण था। ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं। वे नेक दिल हैं। उन्हें पता था कि मैं खुश नहीं हूं। मुझे खुश रखना उनके लिए ज़रूरी था। वे व्यापार करते हैं, और हम उन पर बहुत जल्दी टैरिफ बढ़ा सकते हैं।

## एनसीसी कैडेट्स को संबोधित कर उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने ऑपरेशन सिंदूर से सीखने को कहा

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने एनसीसी के रिपब्लिक डे कैंप 2026 में कैडेट्स को संबोधित कर ऑपरेशन सिंदूर और विभिन्न आपदा राहत अभियानों में उनकी सराहनीय सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एनसीसी शिविर केवल प्रशिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि भारत की विविधता में एकता, संवैधानिक मूल्यों और भविष्य के नेतृत्व की झलक प्रस्तुत करता है। उपराष्ट्रपति ने एनसीसी के महत्व और उसके 'एकता और अनुशासन' के ध्येय वाक्य का उल्लेख कर कहा कि यह युवाओं को आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और सेवा-भावी नागरिक बनाने में योगदान देता है। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति का स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर से किया गया और उन्होंने हॉल ऑफ फेम का दौरा कर एनसीसी की गौरवपूर्ण विरासत, उपलब्धियों और विकास यात्रा की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल्स, जैसे युवा आपदा मित्र योजना, ड्रोन प्रशिक्षण और नई तकनीकों के उपयोग की पहल, का निरीक्षण किया। उपराष्ट्रपति ने आपदा प्रबंधन की तैयारी और उभरती तकनीकों को अपनाने में एनसीसी की भूमिका की सराहना की। कैंप में कैडेट्स के लिए बेस्ट कैडेट, स्मॉल आर्म्स फायरिंग, मार्चिंग कंटिजेंट और फ्लैग एरिया डिजाइनिंग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस साल 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों से कुल 2,406 कैडेट्स, जिनमें 898 बालिका कैडेट शामिल हैं, भाग ले रहे हैं। इसके अलावा 25 मित्र देशों के युवा कैडेट और अधिकारी यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत इस कैंप में शामिल हैं। उपराष्ट्रपति ने कैडेट्स के अनुशासन, उत्साह और राष्ट्रीय गौरव की भावना की विशेष सराहना की।



## केरल प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर ने वेल्लापल्ली नटेसन से की मुलाकात... सियासी गलियारों में चर्चा तेज

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल में भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले महत्वपूर्ण राजनीतिक कदम उठाया है। पार्टी के केरल प्रभारी और वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने एसएनडीपी योगम के जनरल सेक्रेटरी वेल्लापल्ली नटेसन से उनके आवास पर मुलाकात की। यह बैठक तब हुई जब नटेसन द्वारा पत्रकार को आतंकवादी कहने वाले बयान ने विवाद पैदा किया था। मुलाकात के बाद बीजेपी नेता जावड़ेकर ने मैत्रीपूर्ण दौरा बताकर कहा कि उन्हें नटेसन से मिलकर हमेशा खुशी होती है। उन्होंने नटेसन के प्रारंभिक दिनों में एसएनडीपी योगम की स्थापना और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी बातचीत हमेशा सुखद और सकारात्मक रही है, इसलिए इसमें कोई राजनीतिक पहलू नहीं है। भाजपा के इस कदम को इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि नटेसन के हाल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के करीब आने की खबरें आई थीं। जावड़ेकर ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा की जीत का उल्लेख करते हुए गुजरात के अहमदाबाद जैसी



उपलब्धि बताया। नटेसन ने हाल ही में मुस्लिम बहुल मलप्पुरम जिले में एसएनडीपी के शैक्षणिक संस्थान खोलने की अनुमति नहीं मिलने पर टिप्पणी की थी, साथ ही एक पत्रकार को चरमपंथी बताने वाले बयान ने विवाद बढ़ाया। संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी, जबकि माकपा और भाजपा ने कोई निंदा नहीं की। नटेसन के बेटे टी. वेल्लापल्ली भारत धर्म जन सेना (बीडीजेएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, जो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से जुड़ी है। इस बैठक का राजनीतिक महत्व इसलिए भी है क्योंकि विधानसभा चुनाव के पूर्व केरल में विभिन्न दल अपनी सक्रियता बढ़ा रहे हैं और भाजपा के लिए यह कदम समुदायों के बीच अपनी स्थिति मजबूत करने का संकेत माना जा रहा है।

# सीएम सरमा ने असम में शुरु किया बीजेपी का वॉल पेंटिंग अभियान

### कांग्रेस टिकट के लिए 3 से 5 करोड़ रुपये तक वसूल रही

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दीवार चित्रकला (वॉल पेंटिंग) अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह अभियान निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा और पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने दावा किया कि असम में भाजपा की स्थिति बेहद मजबूत है और पार्टी के पास करीब 50 प्रतिशत विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवार तैयार हैं। सरमा ने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व आज ही 50 सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी करने को कहे, तब यह संभव है। वहीं सीएम सरमा ने स्पष्ट किया कि भाजपा उम्मीदवारों से किसी तरह का आवेदन शुल्क नहीं लेगी। उम्मीदवारों के नाम जनता और पार्टी कार्यकर्ता सुझाएंगे और टिकट के लिए 25,000 या 50,000 रुपये जैसी कोई राशि नहीं ली जाएगी। इसके उल्ट उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधकर आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों से 3 से 5 करोड़ रुपये तक वसूल रही है और यह प्रक्रिया 22-23 सीटों पर चल रही है।

भूमि अतिक्रमण के मुद्दे पर सरमा ने कहा कि तेजपुर में करीब 5,000 बीघा अतिक्रमित भूमि से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरु होगा। उन्होंने इस अभियान को सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल बताकर कहा कि अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही उन्होंने मिया समुदाय का उल्लेख करते हुए कांग्रेस पर उन्हें निराश करने का आरोप लगाया। गठबंधन की राजनीति पर मुख्यमंत्री ने



बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया असम गण परिषद (एजीपी) के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत कर रहे हैं। भाजपा का यह दीवार चित्रकला अभियान 2026 के चुनावों के लिए एक प्रारंभिक जनसंपर्क पहल माना जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कामरूप जिले के चांगसारी में आयोजित कार्यक्रम में बेजेरा और सुआलकुची के 1,534 छात्रों को 2025 की एचएसएलसी और एचएस परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

# अग्निवीरों को सेना में परमानेंट होना है तो शादी करने से मना करना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना की अग्निवीर योजना एक बार फिर चर्चा में है क्योंकि साल 2022 में शुरू हुए इस कार्यक्रम का पहला बैच अब अपनी चार साल की सेवा पूरी करने के करीब है। जून और जुलाई के महीनों में लगभग 20 हजार से अधिक अग्निवीरों को उनकी सेवा अवधि समाप्त होने के बाद डिस्चार्ज किया जाएगा। इस मोड़ पर हजारों युवाओं के भविष्य को लेकर उठ रहे सवालों के बीच सेना ने स्थायी होने की प्रक्रिया और उससे जुड़े कड़े नियमों को पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है। इसमें कहा गया है कि अग्निवीरों को सेना में परमानेंट होना है तो शादी करने से मना करना होगा।

सेना ने स्पष्ट किया है कि अग्निवीर अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान विवाह नहीं कर सकते। नियमों की गंभीरता यहीं खत्म नहीं होती, सेवा से डिस्चार्ज होने के तुरंत बाद भी उन्हें शादी करने की अनुमति नहीं होगी। स्थायी सैनिक बनने की चयन प्रक्रिया, जो लगभग 4 से 6 महीने तक चल सकती है, के दौरान भी उम्मीदवारों का अविवाहित रहना अनिवार्य है। अंतिम परिणाम घोषित होने और आधिकारिक रूप से स्थायी कमीशन मिलने तक यह नियम लागू रहेगा। सेना के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, चार साल की सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों में से केवल 25 प्रतिशत को ही स्थायी सैनिक के रूप में दोबारा नियुक्त किया जाएगा। यह चयन पूरी तरह से उनके पिछले प्रदर्शन, शारीरिक दक्षता और लिखित परीक्षा के अंकों पर आधारित होगा। हालांकि, योग्यता के साथ-साथ अनुशासन को सबसे ऊपर रखा गया है, जिसमें वैवाहिक स्थिति को लेकर बेहद सख्त नियम बनाए गए हैं।अनुशासन पर जोर देते हुए सेना ने चेतावनी दी है कि यदि कोई अग्निवीर इस निर्धारित अवधि के दौरान शादी करता है, तो उसे स्थायी नौकरी के लिए अयोग्य मान लिया जाएगा। भले ही उस उम्मीदवार का पेशेवर रिकॉर्ड और शारीरिक प्रदर्शन कितना भी उत्कृष्ट क्यों न हो, नियम उल्लंघन की स्थिति में उसे चयन प्रक्रिया से तुरंत बाहर कर दिया जाएगा।आमतौर पर अग्निवीरों की भर्ती 21 वर्ष तक की आयु में होती है और वे लगभग 25 वर्ष की आयु में सेवामुक्त होते हैं। सेना का मानना है कि इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर नियमों का पालन करना न केवल सैन्य अनुशासन के लिए आवश्यक है, बल्कि यह एक सैनिक की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। केवल वही अग्निवीर स्थायी कमीशन के पात्र होंगे जिन्होंने अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा किया हो, जिनका रिकॉर्ड बेदाग हो और जिन्होंने सेवा की पूरी अवधि में ब्रह्मचर्य और अविवाहित रहने के मानदंडों का पालन किया हो।



## स्मार्ट हलचल की खबर का असर

# लाडपुरा जीएसएस पर कालाबाजारी पर लगाम, किसानों को निर्धारित दर पर मिली यूरिया

### 400 के बजाय 267 में मिला कट्टा, जबरन 'माइक्रो राजा' थमाने के खेल पर लगी रोक

### कृषि पर्यवेक्षक की निगरानी में 300 बैग वितरित, बिना 'टैगिंग' खाद पाकर किसानों ने ली राहत की सांस





स्मार्ट हलचल | लाडपुरा

लाडपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति (जीएसएस) में यूरिया खाद के साथ अन्य उत्पादों की जबरन 'टैगिंग' और कालाबाजारी के खिलाफ 'स्मार्ट हलचल' में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। मंगलवार को खाद वितरण के दौरान भारी सख्ती रही, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिली। 266.50 की निर्धारित दर वाले यूरिया कट्टे के साथ 134 का 'माइक्रो राजा' जबरन जोड़कर जो कट्टा 400 में दिया जा रहा था, वह मंगलवार को बिना किसी टैगिंग के उचित मूल्य पर वितरित किया गया।

निगरानी में वितरणः मंगलवार सुबह से ही खाद की सूचना पर बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं समिति के बाहर जमा हो गए थे। सुबह 11 बजे कृषि पर्यवेक्षक रामेश्वर गुर्जर की मौजूदगी में वितरण शुरू हुआ। समिति द्वारा कुल 300 बैग यूरिया बांटे गए। खबर के असर और प्रशासन की सख्ती के चलते पहली बार किसानों को बिना किसी अतिरिक्त उत्पाद के केवल यूरिया मिला। जन आधार से वितरण पर रोषः वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए समिति ने जन आधार कार्ड के माध्यम से खाद बांटी। हालांकि, लाडपुरा निवासी हनुमान गुर्जर सहित कई किसानों ने बताया कि समिति ने पुराने खाताधारक सदस्यों के बजाय केवल जन आधार को प्राथमिकता दी, जिससे कुछ पुराने सदस्यों में आक्रोश भी देखा गया। बावजूद इसके, उचित दाम पर खाद मिलने से अधिकांश किसानों के चेहरे खिले नजर आए।

# शहर के बीचों बीच अव्यवस्थित यातायात के कब सुधरेंगे हालात..?

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा





शहर के बीचोंबीच लापरवाह वाहन चालकों की अव्यवस्थित पार्किंग के चलते यातायात व्यवस्था के बदतर हालात हैं तो रही सही कसर हाथ थेले वाले पुरी कर देते हैं।

जी हां, हम बात कर रहे सुचना केंद्र चौराहे और एमजी हॉस्पिटल के मुख्य द्वार की जहां ऑटो व चौपहिया वाहनों की। यह अव्यवस्थित पार्किंग राह में रोड़ा तो साबित हो ही रही है। इसके चलते अन्य वाहनों को भी बचते बचाते निकलना पड़ता है। जबकि यह शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहे मे से एक है। यहां आए दिन धरने, प्रदर्शन, रैलियों का आयोजन तक होता है तो कभी कभार जमकर आतिशबाजी भी। इस दौरान भी यह चौराहा पुरी तरह से ब्लाक हो जाता है। ऐसे में शहर की व्यवस्था संभाल रहे जिम्मेदारों को यह सब कुछ नजर क्यों नहीं आता, ये बड़ा सवाल है।

आखिर कब तक शहरवासी अव्यवस्थित यातायात व अवैध पार्किंग का दंश झेलेंगे। इस संदर्भ में यातायात प्रभारी बाबूलाल टेपण का कहना है की शहर के प्रमुख पोइंट पर सुव्यवस्थित और सुगम यातायात को लेकर एक यातायात पुलिसकर्मी व एक होमगार्डकर्मी लगाया जाता है। लेकिन कई बार अन्य डुयुटी की व्यस्तता के चलते कुछ पोइंटस् पर यातयात पुलिसकर्मी नहीं लगा पाते। इसके लिए प्रयास कर रहे हैं की वीआईपी डुयुटी, मेले व त्योहार पर भी शहर क्षेत्र की यातायात व्यवस्था बनी रहे।

# गुरलां और गाडरमाला में युरिया खाद का वितरण, खाद के लिए किसान ने समिति के बाहर चारपाई लगाकर रात गुजारी





स्मार्ट हलचल

**गुरलां।** खेतों में फसल लहलहाने की उम्मीद लिए किसान जब युरिया खाद लेने पहुंचे तो नजारा ऐसा था मानो उम्मीदें लंबी कतार में खड़ी हो और खाद गिनती की। रबी के सीजन में गेहूं,जो, चना और सरसों की फसल के लिए यूरिया खाद को लेकर किसानों को मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अल सुबह कड़ाके की ठंड व घने कोहरे में किसान खाद लेने पहुंचे। गुरलां ग्राम सेवा सहकारी समिति में मंगलवार को यूरिया खाद का वितरण किया गया। खाद वितरण के दौरान किसानों की लंबी लाइन लगी। सुबह समिति नहीं खुली उससे पहले ही बड़ी संख्या में महिला व पुरुष किसान खाद लेने पहुंच गए ओर अपनी बारी का इंतजार किया। समिति के व्यवस्थापक रणवीर सिंह पुरावत ने बताया कि गुरलां समिति में सोमवार को यूरिया खाद के 350 बैग आए जिसका वितरण मंगलवार को किया। गुरलां कृषि पर्यवेक्षक मानसिंह मीणा ने बताया कि प्रति राशन कार्ड एक-एक बेग युरिया खाद का वितरण किया। खाद वितरण के दौरान कारोई थाने से पुलिस का जवान भी उपस्थत थे जिससे खाद का वितरण शांतिपूर्वक हुआ। एक-एक बेग ही मिलने के कारण किसानो को कहते सुना कि युरिया खाद और मंगवाना व जल्दी मंगवाना। खाद वितरण के दौरान ठिठुरते किसान कतारों में व अलावा तापते नजर आए। गुरलां के पास ही गाडरमाला में भी युरिया खाद के 400 कटे की सप्लाई सोमवार को हुई। किसानों को खाद आने की जानकारी होते ही सोमवार रात में ही चारपाई(खाट)समिति के बाहर लगाकर सो गए ताकि मंगलवार को खाद वितरण करें तो जल्दी नम्बर आ सके।

# शिक्षा के मंदिर के लिए ग्रामीणों ने खोला दिलः चंदा जुटाकर खरीदी डेढ़ बीघा जमीन, विद्यालय को की दान

### टहला गांव के ग्रामीणों की अनूठी पहल, विद्यालय में अब होगा खेल मैदान और कक्षों का विस्तार

### पूर्व जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने घर-घर जाकर एकत्रित किया सहयोग कोष

स्मार्ट हलचल | लाडपुरा



उपखंड की श्यामगढ़ ग्राम पंचायत के टहला गांव में ग्रामीणों ने शिक्षा के प्रति अटूट समर्पण दिखाते हुए एक सराहनीय मिसाल पेश की है। गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लंबे समय से भूमि की कमी के कारण विकास कार्य बाधित हो रहे थे, जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से करीब डेढ़ बीघा भूमि खरीदकर विद्यालय को दान कर दी है।

जनसहयोग से जुटाया कोषः विद्यालय विस्तार की आवश्यकता को देखते हुए निवर्तमान पंचायत समिति सदस्य सत्यनारायण मेवाड़ा, पूर्व सरपंच नानालाल दरोगा, वार्डपंच देवालाल रैगर, समाजसेवक रघुनाथ गुर्जर सहित अन्य प्रबुद्ध जनों ने बीड़ा उठाया। इन लोगों ने गांव में घर-घर जाकर चंदा एकत्रित किया। ग्रामीणों ने भी अपनी सामर्थ्य के अनुसार मुक्त हस्त से दान दिया। एकत्रित राशि से विद्यालय के पास ही स्थित डेढ़ बीघा जमीन खरीदी गई और उसे आधिकारिक रूप से विद्यालय को समर्पित कर दिया गया।

विकास को मिलेगी गतिः ग्रामीणों का कहना है कि अब भूमि उपलब्ध होने से विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण, खेल मैदान का विकास और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार संभव हो सकेगा। इस पुनीत कार्य में कैलाश रैगर, सोलाल, रघुनाथ गुर्जर सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। टहला गांव की इस पहल की पूरे मांडलगढ़ क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# खैर की लकड़ी की तस्करी करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

मांडलगढ़ वन विभाग की टीम ने वन क्षेत्र में खैर के पेड़ की अवैध कटाई कर उसकी लकड़ी की तस्करी करने के मामले में पांच तस्करो को गिरफ्तार किया है और उन पर 2 लाख 10 हजार रु का जुर्माना भी ठोका है । इस कार्यवाही से लकड़ी तस्करो में हड़कंप मच गया । मांडलगढ़ के क्षेत्रीय वन अधिकारी विमल रैगर के नेतृत्व में गठित टीम ने उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया । उन्होंने बताया की वन क्षेत्र में अवैध खनन ओर पेड़ो की अवैध कटाई के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसी के तहत मोहनपुरा क्षेत्र में टीम ने दबिश दी और खैर के पेड़ो की अवैध कटाई करने वाले पांच तस्करो को गिरफ्तार किया । पूर्व में सतबड़ी वन क्षेत्र में आरोपियों ने खैर के पेड़ो की कटाई की थी जो काफी कीमती थे साथ ही आरोपियों पर 2.10 लाख का जुर्माना लगाया गया । टीम में क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय विमल रैगर के साथ वनपाल हरनारायण सिंह, मीनल नाका प्रभारी लोकेंद्र सिंह वनरक्षक रामगोपाल धाकड़, रविंद्र सिंह, मुराद खान, किशन जीनगर और नंदसिंह शामिल थे।

### इन्हे किया गिरफ्तार

मोहम्मद आजम निवासी बीगोद, रोशन दरोगा, ईश्वर दरोगा, सोरज मीणा और बाबू दरोगा को गिरफ्तार किया।

# गांगलास में चोरों ने मचाई धमाचौकड़ी, एक साथ आधा दर्जन घर और दुकानों को बनाया निशाना, गांव में दहशत

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



जिले के आसींद थाना क्षेत्र के गांगलास गांव में चोरों ने सोमवार मंगलवार मध्य रात्रि को जमकर धमाचौकड़ी मचाई और एक साथ आधा दर्जन घर और दुकानों को निशाना बनाया और ताला तोड़कर लाखो रु के जेवरात नकदी और अन्य कीमती सामान चुराकर फरार हो गए । इस दौरान चोरों के साथ आमना सामना होने पर एक ग्रामीण भी गंभीर रूप से घायल हो गया । मिली जानकारी के अनुसार कस्बे में चोरों ने हगामी देवी के मकान, पूरण दास के घर और भंवरलाल शर्मा की दुकान सहित अन्य स्थानों को चोरों ने निशाना बनाया । हगामी देवी के यहां से चोर नकदी चुरा कर ले गए जबकी पुराण दास के यहां चोर कुछ ले जाने में असफल रहे । खिड़की तोड़ने का प्रयास किया लेकिन तोड़ नही पाए । इसी प्रकार भंवर लाल की दुकान से चोर घड़ी, पांच हजार नकद और गुल्लक लेकर भाग निकले । वही चोरों को पकड़ने के लिए घीसा लाल ने काफी संघर्ष किया और इस बीच वह गंभीर रूप से घायल हो गए चोरों का पीछा किया लेकिन चोर भाग निकले । घीसा लाल की सोने की मुरकिया और मांडलिया काटकर ले गए और घीसालाल पर हथियार से हमला भी किया । इसके अलावा चोरों ने अन्य स्थानों को भी अपनी रडार पर लिया । गांव में हुई इस तरह की वारदात से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और आक्रोश भी पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की ग्रामीणों ने मांग की है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बाइक चोरी का खुलासा, दो बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक जब्त

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



रायपुर थाना पुलिस ने मोटर साईकिल चोरी का खुलासा करते हुए रायपुर से चोरी हुई मोटर साईकिल बरामद कर दो आरोपी संजु वैष्णव व दिपक माली को गिरफ्तार किया है । बाइक चोरों को पकड़ने के लिए एसपी धर्मेंद्र सिंह के आदेश पर एएसपी बुद्धराज खटीक सहाडा के निर्देशन व सुदर्शन पालीवाल, वृताधिकारी वृत्त गंगापुर के निकटतम सुपरविजन में टीम का गठन किया जिसका नेतृत्व शंभू दयाल थानाधिकारी रायपुर ने किया । परिवादी मनीष पिता जगदीश बैरागी उम्र 43 साल निवासी रायपुर 1 जनवरी 2026 को बाइक चोरी का।मामला दर्ज करवाया था और बताया की 24.12.25 को शाम को उसने उसकी मोटर साइकिल रायपुर से सगरेव रोड पर अपने घर के बाहर खडी की थी वापस आकर देखा तो उसकी मोटर साईकिल नही मिली। मोटर साईकिल को कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गये। मामला दर्ज कर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू की ओर गठित टीम ने तकनिकी विधि व परम्परागत पुलिसिंग मुखबिर से सूचना लेकर दो आरोपियों संजु वैष्णव निवासी लुहारिया मांडल व दिपक माली निवासी मांडल को गिरफ्तार कर चोरी की मोटर साईकिल को बरामद किया। गठित टीम में शम्भु दयाल, भवानी सिह एचसी, कांस्टेबल श्रवण लाल, सांवरमल (विशेष योगदान) और सुभाष शामिल रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सड़क पर गिरे, एक की मौत

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



बिजौलिया थाना क्षेत्र में सोमवार रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो जबकी एक गंभीर घायल हो गया । घायल को उपचार के लिए पहले बिजौलिया अस्पताल में भर्ती करवाया जहां पर प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे भीलवाड़ा महात्मा गांधी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया । मृतक की पहचान 25 वर्षीय मंडोल निवासी राजू पुत्र गोपाल मीणा और घायल की पहचान 26 वर्षीय दिलखुश बंजारा के रूप में हुई । जानकारी के अनुसार दोनो अच्छे दोस्त थे और सोमवार शाम को वह मंडोल से सतकुडिया जा रहे थे तभी मंडोल बांध के पास स्टेट हाइवे पर बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी । दोनो युवक बाइक सहित नीचे गिरे राजू के सिर में गंभीर चोट लगी और दिलखुश भी गंभीर रूप से घायल हो गया । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनो को बिजोलिया के उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सक ने राजू को मृत घोषित कर दिया और हालत नाजुक होने से दिलखुश का प्राथमिक उपचार करने के बाद भीलवाड़ा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया । पुलिस ने परिवार की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम करवाया । हादसे के बाद राजू के घर में मातम पसर गया । उसका 10 दिन पहले ही नाता विवाह हुआ था शादी की खुशियां मातम में बदल गई । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दो पारी में संचालित स्कूलों के समय में परिवर्तन

### सुबह 10 से शाम चार बजे तक रहेगा विद्यालय समय

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

सर्दी के रौद्र रूप ने जनजीवन तो प्रभावी कर ही रखा है लेकिन यह ठंडी लोगो को गहरी पीड़ा भी दे रही है । मौसम में घुली ठंडक का असर लोगो के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है । सर्दी, बुखार वायरल और अन्य मौसमी बीमारियो का प्रकोप भीषण सर्दी के साथ बढ़ता जा रहा है । इस हाड़ कपा देने वाली सर्दी का दंश सबसे ज्यादा अगर किसी को है तो वह स्कूल के विद्यार्थी जिन्हे सुबह सुबह जब ठंड का रूप और भी ज्यादा कठोर रहता है तब स्कूल जाना पड़ता है । इसी को देखते हुए भीलवाड़ा जिला मजिस्ट्रेट ने सोमवार को एक आदेश जारी किया था जिसमे भीलवाड़ा जिले के सरकारी व निजी विद्यालय में कक्षा 1 से आठवी तक के बच्चो के लिए तीन दिन का अवकाश घोषित किया था । कलेक्टर जसमीत सिंह ने मंगलवार को एक और नया आदेश जारी करते हुए विद्यालय समय में परिवर्तन किया है । शीतलहर के प्रकोप का बच्चो पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को ध्यान में रखते हुए दो पारी में संचालित सरकारी और निजी विद्यालयों अध्ययनरत विद्यार्थियों का समय 7 जनवरी से 10 जनवरी तक सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कर दिया है । स्कूलों के संस्थाप्रधान और संचालकों को इस आदेश की सख्ती से पालन करनी होगी अन्यथा उन पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# बोराणा के भैरू जी मंदिर में चोरी का खुलासा महिला आरोपी सहित दो गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



रायपुर पुलिस ने बोराणा कस्बे के भैरू जी मंदिर मे चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया है और महिला आरोपी पुष्पा देवी व मोहनदास को गिरफतार किया है । साथ ही मंदिर से चोरी की गई गैस सिलेण्डर की टंकी भी बरामद की है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह यादव के आदेश पर मंदिर में चोरी के खुलासे व अपराधियों की धरपकड के लिए बुद्धराज खटीक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाडा, जिला भीलवाडा के निर्देशन व सुदर्शन पालीवाल, वृताधिकारी वृत्त गंगापुर के निकटतम सुपरविजन में थानाप्रभारी शंभू दयाल के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया। दिनांक 01.01.26 को परिवादी घीसू गुर्जर निवासी गुर्जरों का खेडा थाना रायपुर जिला भीलवाडा ने थाना रायपुर पर रिपोर्ट पेश कर बताया कि बोराणा गांव मे स्थित कोयड के भैरुजी मंदिर से दिनांक 23.12.2025 की रात्री को अज्ञात आरोपियों द्वारा मंदिर मे प्रवेश कर मंदिर का ताला तोडकर एक गैस की टंकी व दो चांदी के छतर व माताजी मंदिर बोराणा से एक नथ अज्ञात चोरो द्वारा चुरा ली गयी। चोरी की रिपोर्ट मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की जांच के दौरान गठित टीम ने तकनिकी सहायता लेकर व परम्परागत पुलिसिंग मुखबिर द्वारा सूचना संकलन कर एक पुरूष आरोपी व एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी हुई गैस की टंकी बरामद की गई। टीम में थानाप्रभारी शंभू दयाल, रणजीत सिह स.उ.नि., एचसी भवानी सिह, कांस्टेबल सुभाष चन्द्र और बिरजु सांखला शामिल थे ।

### ये हुए गिरफ्तार

मोहनदास पिता उकारदास वैष्णव उम्र 30 साल निवासी चिलेष्वर थाना करेडा जिला भीलवाडा और पुष्पा देवी पत्नी प्रकाषचंद्र लखारा उम्र 34 साल निवासी पुरानी आबादी थाना मांडलगढ हाल निवासी टिपुनाडी थाना गंगापुर जिला भीलवाडा को गिरफ्तार किया ।

# समाज के कार्यक्रम में भाग लेने आया था गैंग रेप का फरार आरोपी, पुलिस ने बापर्दा गिरफ्तार किया

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



भीलवाडा पुलिस ने 5 वर्ष से फरार गैंगरेप के 15 हजार के ईनामी आरोपी देवीलाल उर्फ देवीनाथ कालबेलिया को बापर्दा गिरफतार किया है। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट में काछोला थाने मे मामला दर्ज था मामले में पूर्व मे गिरफतार हुए आरोपी कोपोक्सो कोर्ट भीलवाड़ा ने वर्ष 2025 सितम्बर में आजीवन कारावास की सजा एवं 168000 रूपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया था। एसपी धर्मेन्द्रसिंह यादव के आदेशा पर व राजेश आर्य अति0 पुलिस अधीक्षक,शाहपुरा व अनुसंधान अधिकारी सुरेश डाबरिया पुलिस उप अधीक्षक वृत कोटडी के सुपरवीजन में एवं डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी हैड कॉन्स्टेबल एवं साईबर सेल प्रभारी सत्यनारायण हैड कांस्टेबल के नेतृत्व में 5 वर्ष से फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया।

2022 में 17 जुलाई को प्रार्थी ने काछोला थाने इस संबंध में मामला दर्ज करवाया था और बताया था की 16 जुलाई की रात को प्रार्थी अपने खेत पर बने कच्चे मकान में सो रहा था रात में कुछ अज्ञात दो व्यक्ति शराब व मांसाहारी आईटम खाकर उसके खेत के मकान पर आए तथा आरोपियों ने प्रार्थी का मुंह दबाकर पीछे पकड़ कर उसे मारा पीटा तथा उसके गले मे पहना सोने का नावा था जिसे छिन लिया व मारपीट कर कमरे में बंद कर दिया तथा पास में सो रही उसकी पत्नी व बेटी को भी वहां जाकर आरोपियों ने मारा तथा उसकी पत्नीं को टामी (लोहे की) से मारा तथा उसके पास से भी पर्स में पडे 5000 रुपये छिन लिये तथा उसकी बच्ची को जोर जबरदस्ती मोटरसाईकिल पर उठाकर ले गये और हरपुरा के जंगल में ले जाकर उसके साथ कुकर्म (बलात्कार) किया तथा उसे वही पर छोडकर भाग गये। पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच तत्कालीन पुलिस उप अधीक्षक द्वारा शुरू की गई जांच के बाद उक्त गम्भीर घटना मे संलिप्त नारायणलाल उर्फ नारायण नाथ पिता शंकरनाथ कालबेलिया उम्र 28 साल निवासी काछौला को दिनांक 09.11.2023 को गिरफतार किया तथा बाल अपचारी को दिनांक 05.12.2023 जरिये फर्द निरूद्ध किया गया। नारायण नाथ एवं बाल अपचारी से पूछताछ में पिडिता के साथ घटित घटना मे देवीलाल उर्फ देवीनाथ कालबेलिया पिता हीरालाल निवासी डाबला थाना बनेडा जिला भीलवाडा के द्वारा भी अपराध मे शरीक होना पाया। नारायण नाथ एवं बाल अपचारी के डीएनए सेम्पल की पुष्टि हुई। न्यायालय के आदेश से नारायण नाथ को आजीवन कारावास एवं 168000 रूपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

### समाज के कार्यक्रम में भाग लेने आया था आरोपी, रेलवे स्टेशन से दबोचा

गठित टीम ने आरोपी के फरार होने से एवं स्वयं द्वारा मोबाईल का उपयोग नही करने से मुखबिर व परम्परागत पुलिसिंग करते हुए गांव रूपाहेली थाना गुलाबपुरा क्षैत्र मे कालबेलिया समाज की बैठक मे भाग लेने आते समय रेलवे स्टेशन रूपाहेली से डिटेन किया उक्त आरोपी को पूछताछ के बाद बापर्दा गिरफ्तार कर लिया।

सुरेश कुमार डाबरिया आरपीएस वृताधिकारी वृत कोटडी जिला भीलवाडा, औमप्रकाष चौधरी हैड कांस्टेबल जिला विशेष टीम डीएसटी, एचसी सत्यनारायण डीएसटी, शम्मी कुमार वृत कार्यालय कोटडी, भंवर लाल, उक्त कार्यवाही में गुलाबपुरा थाना पुलिस टीम का विशेष सहयोग रहा।

### इसे किया गिरफ्तार

देवीलाल उर्फ देवीनाथ कालबेलिया पिता हीरालाल उम्र 50 वर्ष निवासी डाबला थाना बनेडा जिला भीलवाडा।

# दिनदहाड़े युवक की तलवारों से कटकर हत्या, स्कॉर्पियो में सवार होकर आए 6 हमलावर

### सनसनीखेज वारदात ने फैलाई दहशत

स्मार्ट हलचल | राजसमंद



जिले में मंगलवार सुबह अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद नजर आए कि खमनोर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवक की तलवारों से काटकर हत्या कर दी गई। वारदात उस वक्त हुई जब युवक अपने दोस्त के साथ चौराहे के पास बैठा था। स्कॉर्पियो में सवार होकर आए छह हमलावरों ने अचानक हमला कर युवक को मौत के घाट उतार दिया और बीच-बचाव करने आए उसके दोस्त को भी घायल कर दिया।

घटना खमनोर थाना क्षेत्र के गांवगुड़ा गांव स्थित चमत्कार चौराहा की है, जहां मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे यह सनसनीखेज वारदात हुई। मृतक की पहचान हिम्मत सिंह दसाणा के रूप में हुई है। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

### सिर और पैरों पर ताबड़तोड़ वार

पुलिस के अनुसार, हिम्मत सिंह दसाणा मुंबई में मजदूरी करता था और कुछ दिन पहले ही गांव लौटा था। मंगलवार सुबह वह अपने दोस्त लक्ष्मण सिंह के साथ चमत्कार चौराहे के पास बैठा था। इसी दौरान स्कॉर्पियो में सवार होकर पहुंचे नाथू सिंह, हमेर सिंह, कालू सिंह, किशन सिंह, हिम्मत सिंह और प्रकाश सिंह ने उस पर तलवारों से हमला कर दिया।

हमलावरों ने बीच चौराहे हिम्मत सिंह के सिर पर दो से तीन घातक वार किए और पैरों पर भी तलवार से हमला किया। बीच-बचाव के लिए आगे आए लक्ष्मण सिंह पर भी बदमाशों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

### अस्पताल में मृत घोषित

हमले के बाद गंभीर रूप से घायल हिम्मत सिंह को लहूलुहान हालत में नाथद्वारा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल लक्ष्मण सिंह का उपचार जारी है।

### दोस्त के पिता को भी पीटा, दी धमकी

मामला यहीं नहीं रुका। आरोप है कि हमलावरों ने लक्ष्मण सिंह के पिता मोहन सिंह पर भी हमला किया। मोहन सिंह ने बताया कि वह बस स्टैंड पर बैठे थे, तभी बदमाशों ने धमकाते हुए कहा– 'एक को निपटा कर आए हैं, तेरे बेटे को भी निपटा देंगे।' इसके बाद उनके साथ लाठियों और मुक्कों से मारपीट की गई। बदमाशों ने यह कहकर हमला किया कि लक्ष्मण सिंह हिम्मत सिंह को अस्पताल पहुंचाकर आया था।

### पुरानी रंजिश की आशंका

खमनोर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमलावर केलवाड़ा थाना क्षेत्र के पासून गांव के रहने वाले हैं। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

### पुलिस ने बनाई तीन टीमें

घटना की सूचना मिलते ही खमनोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। राजसमंद एएसपी महेंद्र पारीक भी घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन विशेष टीमें गठित की हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# यूरिया की किल्लत ने तोड़ी किसानों की कमर, घने कोहरे में अलसुबह लाइन लगाकर भी बैरंग लौट रहे अन्नदाता

स्मार्ट हलचल



**मंगरोप।** क्षेत्र में यूरिया की भारी किल्लत से जूझ रहे किसान लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं।हालात ऐसे हैं कि किसान बार-बार सहकारी समितियों के चक्कर काटने के बावजूद खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं।हमीरगढ़ उपखंड क्षेत्र के खैराबाद गांव में मंगलवार को इसका जीवंत उदाहरण देखने को मिला,जब अल सुबह घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच किसान सहकारी समिति के बाहर लंबी कतारों में खड़े नजर आए।इस मौसम में जहां आमजन अपने गर्म और आलीशान घरों में दुबके हुए हैं,वहीं किसान अपनी फसलों और साख को बचाने की मजबूरी में ठिठुरती ठंड के बीच घरों से निकलने को विवश हैं।किसानों का कहना है कि समय पर यूरिया नहीं मिलने से फसल प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है,जिससे आर्थिक नुकसान तय है।खैराबाद सहकारी समिति के बाहर केवल स्थानीय ही नहीं,बल्कि बिलिया कलां,नाथडियास,कान्याखेड़ी सहित आसपास के कई गांवों के किसान अल सुबह से ही जमा हो गए।ठंड से बचने के लिए किसान अलाव तापते हुए अपनी बारी का इंतजार करते रहे,लेकिन सीमित आपूर्ति के चलते अधिकांश किसानों को निराशा ही हाथ लगी।किसानों का आरोप है कि बार-बार समस्या उठाने के बावजूद उनकी आवाज सरकार और संबंधित विभागों तक नहीं पहुंच पा रही है।यूरिया की मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं होने से किसानों में भारी रोष और मायूसी व्याप्त है।यदि जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी,तो आने वाले समय में फसलों पर गंभीर असर पड़ सकता है।

# मनोज जाट को बनाया बनेड़ा ब्लॉक का अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राजस्थान के नियुक्ति समिति एवं प्रभारी की अनुशंसा तथा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुनील पंवार व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी बी यादव के अनुमोदन पर संगठन में बनेड़ा ब्लॉक के पद पर मनोज जाट (बरण) को मनोनीत किया है।

# बनेड़ा में निजी और रोडवेज बसों का ठहराव नहीं, बायपास से ही निकलने से यात्री परेशान

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा



उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित बस स्टैंड पर अधिकांश रोडवेज और नीजी बसों के नही आकर के माताजी का खेडा बाइपास पर से ही निकल जाने से आमजन को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। मगर फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधीयो द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

भीलवाड़ा देवली मार्ग पर चलने वाली अधिकाशं नीजी बसों के मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पर नहीं आकर के एक से डेढ़ किलोमीटर दुरी पर स्थित माताजी का खेडा बाइपास से निकल जाने से लोगों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। भीलवाड़ा की तरफ से आने वाली नीजी बसो मे बस स्टाफ द्वारा बनेड़ा आने वाली सवारियों बस में बैठाने से ही मना कर देते और कुछ सवारियां बैठ भी जाए तो उन्हे पेट्रोल पंप या माताजी का खेडा तिराहे पर उतार देते है। वही राजस्थान पथ परिवहन निगम की वैशाली नगर डिपो की जयपुर भीलवाड़ा रायपुर उदयपुर सावरियाजी बडीसादडी टोक आगार की उदयपुर निम्बाहेडा कोटा उदयपुर कोटा के साथ ही प्रतापगढ़ सवाईमाधोपुर की रोडवेज बसों के बाइपास से निकल जाती हैं। जिसके कारण उपखण्ड मुख्यालय वासियों को लम्बी दूरी की बसो की सुविधा से महरूम रहना पड़ रहा है। वही भीलवाड़ा आगार की भी कुछ बसों के स्टाफ अपनी मनमानी करते हुए बसों का बाइपास से निकाल ले जाते हैं।

इस सम्बंध में कई बार परिवहन विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाने के बाद भी विभाग द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है।

### संजय सरीन मेमोरियल भीलवाड़ा हॉकी लीग 2026 का भव्य समापन, वेदांत स्कूल रही विजेता

# खेलों पर पूर्ण ध्यान केंद्रित कर अपनी प्रतिभा को निखारें खिलाड़ी: अशोक कोठारी

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत आयोजित संजय सरीन मेमोरियल भीलवाड़ा हॉकी लीग 2026 का समापन समारोह प्रतापनगर स्कूल ग्राउंड पर विधायक अशोक कोठारी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में शहर के 12 विद्यालयों के 120 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतापनगर स्कूल मैदान पर चल रही संजय सरीन मेमोरियल भीलवाड़ा हॉकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन तीनों वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले गए, जहां दर्शकों एवं अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सब जूनियर वर्ग में ऋषभ टेक्सटाइल टीम ने श्रीजी पब्लिक स्कूल को 4 -2 से हराकर खिताब जीता। कुशल पाल देव नीरज राव विहान बिश्नोई और कृष्णा भील ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया स जूनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले में ब्रिटि स्कूल ने राइट चॉइस स्कूल को एक बेहद रोमांचक मुकाबले में 5-4 से हराया। जूनियर वर्ग में सोनू यादव, करण मीणा, आदित्य धाकड़, रजत गाडरी और विश्वेंद्र सारस्वत ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। अंत में सीनियर फाइनल मुकाबले में वेदांत स्कूल ने सेवा सदन स्कूल को कड़े संघर्ष में 9-7 से हराया और खिताब पर कब्जा किया। समापन समारोह की शुरुआत में विधायक अशोक कोठारी ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा विभिन्न वर्गों में विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का आह्वान किया कि वे खेलों पर पूर्ण ध्यान केंद्रित कर अपनी प्रतिभा को निखारें। विधायक कोठारी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। विधायक कोठारी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजक अजित जैन एवं विवेक निमावत द्वारा खेलों के प्रति किए जा रहे सतत प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज के ये नन्हे खिलाड़ी भविष्य में भीलवाड़ा का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे तथा आयोजकों को साधुवाद दिया। समारोह में विचार परिवार के कैलाश डाड, मोहित सरीन, अनिल शर्मा, मनोज भाईसाहब, गोपाल राज पारिक, दिलीप सोनी, सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंत में विधायक खेल विकास योजना के पांचो सेंटर्स के कोच कोमल शर्मा, महेश शर्मा, दिनेश सोलंकी, मनीषा सोलंकी और पलक राजपूत का सम्मान किया गया।

# शिक्षा के माध्यम से समाज में नेतृत्व और अधिकारी पैदा होते है: मोतीलाल सिंघानिया

### मोखुंदा में डॉ. अंबेडकर पाठशाला का हुआ शुभारंभ, वक्ताओ ने व्याप्त कुरीतियों और नशे के त्याग पर दिया जोर

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** क्षेत्र के ग्राम मोखुंदा में रैगर समाज मोहल्ले में निर्धन एवं जरूरतमंद बालक-बालिकाओं को निरूशुल्क शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 'डॉ. आंबेडकर पाठशाला' का भव्य शुभारंभ किया गया। यह अनूठी पहल रैगर समाज मोखुंदा द्वारा शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए की गई। जन्मदिन पर फिजूलखर्ची छोड़ शिक्षा को दिया बढ़ावा कार्यक्रम के आयोजन समिति सदस्य गोपाल नोगिया ने बताया कि पाठशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि मोतीलाल सिंघानिया ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर फीता काटकर किया। इस अवसर पर सिंघानिया ने समाज के युवाओं और अधिकारियों से अपील करते हुए कहा, ''हमें जन्मदिन पर फिजूलखर्ची करने के बजाय समाज के गरीब और होनहार विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए काम करना चाहिए। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज में नेतृत्व और अधिकारी पैदा होते हैं। चाहे एक रोटी कम खाएं, लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों और नशे के त्याग पर भी जोर दिया। शिक्षा है शेरनी का दूध मुख्य वक्ता एवं व्याख्याता राधेश्याम सूंकरिया ने बाबा साहेब के विचारों को दोहराते हुए कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पिएगा उतना दहाड़ेगा। शिक्षा का अर्थ केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि अपने हक और अधिकारों के प्रति जागरूक होना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आम चोखला झाड़ोल के अध्यक्ष लक्ष्मण तगाया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मोखुंदा सरपंच इन्द्रा देवी रैगर, रतन डडवाडिया, बबलू सूंकरिया, राकेश तगाया, किशन हिणोनिया, अर्जुन डडवाडिया, विजय डडवाडिया, गणपत डडवाडिया, मोहन खमोकरिया, लोकेश खमोकरिया और पोटला सरपंच प्रतिनिधि रमेश शेरसिया उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन गिरदावर रमेश तगाया ने किया। आयोजन समिति के मदन तगाया (सरपंच प्रतिनिधि), मूलचंद, रोशनलाल, केशुराम, हेमराज नोगिया, मोहन लाल, मनोहर लाल, शोलाराम, प्रेमचंद, रविंद्र, डालचंद, मनोज, गोपाल, दिनेश, शिव, नारायण, शांतिलाल, किशन, सुमन सहित समाज के कई प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

# जिले की मानसरोवर झील के अस्तित्व पर गहराता गंभीर संकट, अपनी बदहाली पर आंसू बहाती झील

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



शहर की कभी सुंदरता और पर्यटन का केंद्र रही मानसरोवर झील आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। झील की इसी दुर्दशा, प्रदूषण और अतिक्रमण के गंभीर मुद्दे को लेकर उपभोक्ता अधिकार समिति (रजि.) के एक प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह से मुलाकात कर उन्हें नगर विकास न्यास के अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के नामज्ञापन सौंपा। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष सुनील राठी ने कलेक्टर को बताया कि जो झील कुछ वर्ष पूर्व शहर का गौरव थी, वह आज गंदगी, जलकुंभी और अवैध कब्जों के कारण खत्म होने की कगार पर है। ज्ञापन में मुख्य रूप से यह मुद्दा उठाया गया कि झील में शहर के नालों का गंदा पानी और प्लास्टिक कचरा धड़ल्ले से फेंका जा रहा है, जिससे न केवल पानी प्रदूषित हो रहा है बल्कि ऑक्सीजन की कमी और संदिग्ध जहरीले पदार्थों के कारण जलीय जीवों व मछलियों की भारी संख्या में मौत हो रही है।

समिति ने प्रशासन को अवगत कराया कि सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों-करोड़ों खर्च होने के बावजूद धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है और पूरी झील जलकुंभी से ढकी होने के कारण यहां आम जनता का आवागमन तक बंद हो गया है। अवैध निर्माण और शहरीकरण के कारण झील का दायरा लगातार सिकुड़ता जा रहा है, जिससे आसपास के क्षेत्र का भूजल स्तर भी प्रभावित हो रहा है। समिति ने मांग की है कि झील की नियमित सफाई का सघन अभियान चलाया जाए, मछलियों की मौत के कारणों की उच्च स्तरीय जांच हो और पानी की गुणवत्ता की मासिक जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही झील का गहरीकरण कर इसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की मांग भी पुरजोर तरीके से रखी गई। ज्ञापन सौंपते समय केंद्रीय अध्यक्ष सुनील राठी के साथ केंद्रीय प्रकोष्ठ महिला अध्यक्ष एवं पूर्व सभापति मधु जाजू तथा महिला जिलाध्यक्ष अर्चना दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। युवा शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए युवा मोर्चा से अंकित सोमानी, हार्दिक सोनी, त्रिदेव मूंदड़ा, अखिल झवर और लादूराम वैष्णव सहित संगठन के कई अन्य सदस्य भी मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में झील संरक्षण के लिए ठोस कार्रवाई की मांग की।

# महिलाओ को कैंसर पर जागरूक किया



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

प्रभारी राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय सरदार नगर डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि उपखंड अधिकारी बनेड़ा श्रीकान्त व्यास और उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग भीलवाड़ा डॉ महाराज सिंह के निर्देश पर आयुर्वेद विभाग और एवं समेकित बाल विकाश विभाग के सयुक्त तत्वधान में स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जागरूकता हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।आयुर्वेद नर्स माधुरी मीणा ने उपस्थित महिलाओं की हीमोग्लोबिन और शुगर सहित 70 जांच की। डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर एक गंभीर बीमारी है।जो महिलाओं में जागरूकता के अभाव में मृत्यु का दूसरा बड़ा कारण है।लेकिन समय पर पहचान और रोकथाम (जांच और टीके) से इन्हें काफी हद तक रोका या ठीक किया जा सकता है।समेकित बाल विकाश विभाग महिला पर्यवेक्षक सुमनलता सुखवाल ने उक्त जागरूकता कार्यक्रम में सहयोग किया।एवं उपस्थित महिलाओं को अन्य महिलाओं को भी स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर हेतु जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

# पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना ने उप जिला चिकित्सालय छोटीसादड़ी का किया निरीक्षण

## चिकित्सा व्यवस्थाओं में गंभीर खामियाँ उजागर, डॉक्टरों की भारी कमी पर जताई चिंता

स्मार्ट हलचल|छोटीसादड़ी

पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने मंगलवार को उप जिला चिकित्सालय छोटीसादड़ी का निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंभीर अनियमितताएँ सामने आईं। वर्तमान में चिकित्सालय में मात्र दो डॉक्टर ही कार्यरत पाए गए, जिससे क्षेत्र की बड़ी आबादी को समुचित स्वास्थ्य सेवाएँ नहीं मिल पा रही हैं। उल्लेखनीय है कि अस्पताल में डॉक्टरों की कमी एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग को लेकर समाजसेवी मनीष उपाध्याय द्वारा आमरण अनशन किया जा रहा है। इसी मांग के समर्थन में कल छोटीसादड़ी बाजार बंद रहा था। जनआंदोलन के दबाव के बाद



चिकित्सा विभाग ने दो दिन पूर्व ही चिकित्सालय को नवीन भवन में स्थानांतरित किया है। सोमवार को आंजना ने नगर के वरिष्ठजनों के साथ नवीन भवन का मौके पर निरीक्षण किया।

### जनआंदोलन को राजनीतिक रंग देना दुर्भाग्यपूर्ण

पूर्व सहकारिता मंत्री आंजना ने कहा कि कुछ नेता इस जनआंदोलन को राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन छोटीसादड़ी की जनता भली-भांति जानती है कि यह संघर्ष पूरी तरह जनहित और आम नागरिकों की स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी के बयान की निंदा करते हुए कहा कि गंभीर जनसमस्याओं को समझने और समाधान की दिशा में पहल करने के बजाय इसे कांग्रेस की तथाकथित राजनीतिक साजिश बताना जनभावनाओं का अपमान है।

### अनशन तोड़ने की अपील

पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना ने समाजसेवी मनीष उपाध्याय से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार और इसके अधिकारी जनभावनाओं के प्रति संवेदनहीन बने हुए हैं। अनशन के माध्यम से भी वे आपकी बात सुनने को तैयार नहीं थे, लेकिन आपके संघर्ष और जनता के आंदोलन से छोटीसादड़ी की आवाज सरकार तक पहुँच चुकी है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन अपने उद्देश्य को प्राप्त कर चुका है, इसलिए मनीष उपाध्याय को अब अपना अनशन तोड़ देना चाहिए।

### स्वास्थ्य जैसे गंभीर मुद्दे पर हो रही है राजनीति - आंजना

निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि स्वास्थ्य जैसे अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषय पर विधायक श्रीचंद कृपलानी राजनीति कर रहे हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज समाजसेवी मनीष उपाध्याय जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं। मनीष ने एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में चिकित्सा व्यवस्थाओं में सुधार की मांग को लेकर आमरण अनशन शुरू किया है। पूर्व सहकारिता मंत्री आंजना ने बताया कि मनीष उपाध्याय कोविड काल से अस्पताल में निःस्वार्थ सेवा दे रहे हैं और आमजन की पीड़ा को देखते हुए डॉक्टरों की मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद विधायक श्रीचंद कृपलानी द्वारा उन्हें तथाकथित समाजसेवी कहकर बदनाम किया जा रहा है, जबकि यही मनीष उपाध्याय पूर्व में उन्हीं के द्वारा सम्मानित भी किए जा चुके हैं और समाजसेवी का प्रमाण पत्र भी इन्ही विधायक एवं सांसद द्वारा दिया गया था।

### हॉस्पिटल पर खर्च को लेकर लगाए गए आरोप निराधार

पूर्व मंत्री ने कहा कि श्रीचंद कृपलानी द्वारा उन पर और कांग्रेस सरकार पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि उनके कार्यकाल में छोटीसादड़ी अस्पताल के लिए एक रुपया भी खर्च नहीं किया गया। इसका जवाब जनता स्वयं देगी, क्योंकि जनता उदयलाल आंजना और श्रीचंद कृपलानी–दोनों को भली-भांति जानती है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में छोटीसादड़ी एवं निम्बाहेड़ा चिकित्सालयों में कैसी चिकित्सा व्यवस्थाएँ थीं, यह आम जनता को अच्छी तरह ज्ञात है। वर्तमान विधायक ने केवल कांग्रेस सरकार के किए गए कार्यों पर शिलालेख लगाने का काम किया है। दो साल से तैयार भवन का नहीं हुआ उपयोग,पूर्व सहकारिता मंत्री आंजना ने कहा कि,छोटीसादड़ी चिकित्सालय का नया भवन दो वर्ष पूर्व ही बनकर तैयार हो चुका था, लेकिन उसका उपयोग मरीजों के लिए नहीं किया गया। यदि समय रहते इस भवन में अस्पताल स्थानांतरित कर दिया जाता, तो जनता को काफी पहले बेहतर सुविधाएँ मिल सकती थीं। मनीष उपाध्याय द्वारा आवाज उठाए जाने के बाद ही सरकार हरकत में आई और अस्पताल को नए भवन में शिफ्ट किया गया।

### कांग्रेस जनता के स्वास्थ्य अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एवं उसके सभी जनप्रतिनिधि छोटीसादड़ी की जनता के स्वास्थ्य अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और इस लड़ाई को हर स्तर पर जारी रखा जाएगा। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमृतलाल बंडी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश जाट, नगरपालिका निवर्तमान अध्यक्ष फातेमा मुस्तफा बोहरा, नगर कांग्रेस कमेटी संगठन महासचिव नरेंद्र राव, पेंशनर समाज के मार्तवराव मराठा, वीरेंद्र ओढ़ीच, कन्हेयालाल कारपेंटर, सत्यनारायण आचार्य, अमृतलाल नाहर, भूरालाल साहू, पार्षद भरत वैष्णव, भरत खटिक, प्रेम तेली, चट्टान शाहू, अजय यादव, हरीश टेलर, अजय शर्मा, विजय गंधर्व, मनीष साहू आदि मौजूद थे।

# दिनेश कामलिया जिला अध्यक्ष, कृष्णा अग्रवाल जिला महामंत्री नियुक्त

## प्रदेश अध्यक्ष अमित नागौरी ने की भीलवाड़ा जिला युवा अग्रवाल सम्मेलन की कार्यकारिणी घोषित



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन से संबद्ध भीलवाड़ा जिला की युवा कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष अमित नागौरी द्वारा की गई एवं साथ में प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश अग्रवाल भी उपस्थित थे। दिनेश कामलिया को जिला अध्यक्ष, कृष्णा अग्रवाल को जिला महामंत्री,जय अग्रवाल को संगठन मंत्री, भरत अग्रवाल को सूचना मंत्री, मनीष कुंपावत को कोषाध्यक्ष, सांस्कृतिक मंत्री सत्य प्रकाश लोहिया, सह सांस्कृतिक मंत्री कमलेश अग्रवाल एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य विवेक अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। युवा जिला अग्रवाल सम्मेलन की प्रथम मीटिंग नाकोडा टावर में संपन्न हुई जिसमें प्रदेश की टीम ने सभी नव नियुक्त सदस्यों का स्वागत एवं सम्मान मोमेंटो, उपरना एवं मेवाड़ी पगड़ी के साथ शपथ दिला कर किया गया। 14 जनवरी को आने वाली मकर संक्रांति पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में प्रदेश की युवा टीम, प्रदेश की महिला टीम, स्थानीय महिला टीम एवं नव नियुक्त युवा टीम के साथ सेवा कार्य करने का सभी ने संकल्प लिया एवं सम्मेलन के कार्यों को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

# गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजनाः कोटड़ा ब्लॉक के लिए 1.42 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की प्राथमिकता वाली गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के तहत उदयपुर जिले के कोटड़ा ब्लॉक में अनुमत विकास कार्यों के लिए जिला कलक्टर नमित मेहता ने 1 करोड़ 42 लाख 70 हजार रूपए की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। जिला कलक्टर कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार प्रमुख शासन सचिव, आयोजना (ग्रुप-4) विभाग, जयपुर द्वारा पूर्व में जारी प्रशासनिक स्वीकृति के अनुसरण में यह राशि आवंटित की गई है। योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले के चयनित ब्लॉक को 1.5 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के पूल बजट के माध्यम से उदयपुर जिला कलक्टर को कोटड़ा ब्लॉक हेतु राशि आवंटित की गई है।

### तीन प्रमुख क्षेत्रों में होंगे विकास कार्य

योजना के तहत कोटड़ा ब्लॉक में आईसीडीएस, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। पोषण एवं महिला बाल विकास क्षेत्र में मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्रों के नवीनीकरण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा बाल अनुकूल शौचालय निर्माण जैसे कार्यों के लिए लगभग 42.80 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों की कार्यकारी एजेंसी उपनिदेशक, आईसीडीएस उदयपुर को बनाया गया है।

इसी प्रकार शिक्षा क्षेत्र में राजकीय विद्यालयों में शौचालयों की मरम्मत, नवीन शौचालय निर्माण तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) के लिए रिसोर्स रूम के रखरखाव जैसे कार्यों हेतु 50 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों का क्रियान्वयन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, उदयपुर द्वारा किया जाएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में उपस्वास्थ्य केन्द्रों को मॉडल डिलीवरी प्वाइंट के रूप में उन्नत करने, एनक्यूएएस एवं एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन से जुड़े सिविल कार्य, रंग-रोगन, विद्युत उन्नयन, जलापूर्ति व्यवस्था, आईईसी/बीसीसी गतिविधियों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए लगभग 49.90 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उदयपुर को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है।

### पारदर्शी प्रक्रिया से होगा व्यय

जिला कलक्टर ने स्पष्ट किया है कि स्वीकृत राशि का व्यय राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 तथा योजना के दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना के साथ ही किया जाएगा। राशि का आहरण वास्तविक आवश्यकता के अनुसार निर्धारित प्रयोजन के लिए ही होगा और उपयोगिता प्रमाण पत्र समय पर महालेखाकार एवं आयोजना विभाग को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि विकास कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र, निविदा दस्तावेजों एवं बिलों को वरिष्ठ लेखाधिकारी, कलेक्ट्रेट उदयपुर को नियत समय पर प्रस्तुत करें ताकि जांच उपरान्त समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। किसी भी प्रकार के विलम्ब या अनुपयोगी राशि शेष रहने पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे।

# वन संरक्षण और अंगदान के संदेश के साथ 'पेडल टू जंगल - नवां संस्करण' 9 जनवरी से

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

दक्षिण राजस्थान में वन संरक्षण व अंगदान के प्रति जागरूकता के संदेश को देने के उद्देश्य से ग्रीन पीपल सोसायटी, उदयपुर द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित 'पेडल टू जंगल - नवां संस्करण' साइक्लिंग अभियान का शुभारंभ 9 जनवरी 2026 को फतहसागर झील, उदयपुर से होगा। इस अवसर पर सुबह 8 बजे उद्घाटन समारोह एवं साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह अभियान 9 से 11 जनवरी तक उदयपुर-कुंभलगढ़-राजसमंद-पाली तथा आसपास के वन क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा।

ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष एवं भारतीय वन सेवा के पूर्व मुख्य वन संरक्षक श्री राहुल भटनागर ने बताया कि वन विभाग के सहयोग से आयोजित यह अभियान वन



फाइल

संरक्षण के साथ-साथ अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'प्रकृति संरक्षण और जीवनदान–ये दोनों ही समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। 'पेडल टू जंगल' के माध्यम से हम लोगों को जंगलों की रक्षा और अंगदान जैसे मानवीय विषयों से जोड़ना चाहते हैं। '

श्री भटनागर ने बताया कि यह ग्रीन पीपल सोसायटी द्वारा अंगदान को समर्पित तीसरा साइक्लिंग अभियान है, जिसे विश्व वन्यजीव निधि, भारत का भी समर्थन प्राप्त है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम, संवाद एवं सहभागिता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने अंगदान समूह के सदस्यों एवं आम नागरिकों से उद्घाटन समारोह, रैली को हरी झंडी दिखाने के कार्यक्रम तथा अन्य औपचारिक आयोजनों में उपस्थित होकर संदेश को मजबूती देने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम में सहभागिता के लिए साइकिल चलाना आवश्यक नहीं है–केवल उपस्थित होकर वन संरक्षण और अंगदान के पक्ष में समर्थन दर्ज कराना ही पर्याप्त है। अभियान से जुड़ी सहभागिता एवं समन्वय के लिए इच्छुक व्यक्ति श्री राहुल भटनागर (मोबाइलः 9414156229) से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने उदयपुर के नागरिकों से इस आमंत्रण को अधिक से अधिक साझा करने का विशेष अनुरोध करते हुए कहा कि इससे उदयपुर में अंगदान समूह के गठन तथा मोहन फाउंडेशन के नए अध्याय की शुरुआत की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी।

# पदमपुरा में घर के बाहर खड़ी पिकअप में लगी आग, केबिन जलकर खाक

स्मार्ट हलचल | काछोला

काछोला थाना क्षेत्र के पदमपुरा गांव में सोमवार देर रात्रि को घर के बाहर खड़ी एक पिकअप में अज्ञात कारणों से आग लगने की घटना सामने आई । आग लगने से पिकअप का केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गया, जिससे वाहन मालिक को भारी नुकसान हुआ है । जानकारी के अनुसार पदमपुरा निवासी गोपाल धाकड़ अपनी पिकअप को रात्रि में घर के बाहर खड़ी कर सो गए थे सुबह उठने पर उन्होंने देखा कि पिकअप का केबिन जला हुआ है आग इतनी भीषण थी कि केबिन पूरी तरह नष्ट



हो गया घटना की सूचना मिलते ही काछोला पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी या किसी अन्य कारण से।

# 5 किलो गांजा और बाइक जब्त, दो गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बेकरिया थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 5 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वहीं तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है।

यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर श्री योगेश गोयल के निर्देशों में संचालित अभियान के अंतर्गत की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री गोपाल स्वरूप मेवाड़ा तथा वृत्ताधिकारी कोटड़ा श्री डूंगर सिंह के मार्गदर्शन में थानाधिकारी बेकरिया श्री उत्तम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नाकाबंदी के



दौरान इस सफलता को अंजाम दिया। पुलिस द्वारा की गई नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल 'छ्व 30 स्ह 7683 को रोककर तलाशी ली गई। मोटरसाइकिल पर सवार दोनों व्यक्तियों के पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे की जांच करने पर उसमें 5.400 किलोग्राम अवैध गांजा पाया गया। मौके पर ही गांजे को जब्त कर लिया गया और दोनों व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया गया। इसके साथ ही गांजे के परिवहन में उपयोग की जा रही मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने जब्त कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ईश्वर सिंह पुत्र भैरू सिंह एवं ईश्वर सिंह पुत्र भुर सिंह, दोनों निवासी प्रेमपुरा, थाना कुंवारिया, जिला राजसमंद के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना बेकरिया में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा प्रकरण की अग्रिम जांच जारी है। इस पूरी कार्रवाई में थानाधिकारी श्री उत्तम सिंह के साथ हैड कांस्टेबल कालूलाल, कांस्टेबल जोधाराम, हेमंत कुमार, ईश्वर तथा सीताराम की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई को नशे के अवैध कारोबार पर एक मजबूत प्रहार माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में तस्करों के हौसले कमजोर होने की उम्मीद है।

# भारतीय किसान संघ किसानों की यूरिया की मांग

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़।** भारतीय किसान संघ किसानों की यूरिया की मांग के बराबर खाद की आपूर्ति नहीं होने को लेकर प्रशासन से लगातार संवाद बनाये हुए है फिर भी जिले में यूरिया खाद की आपूर्ति नहीं हो पा रही हैं भारतीय किसान संघ के जिला राजस्व प्रमुख पुष्कर लाल मीणा ने बताया कि भीलवाड़ा की जैसे ही रैक आती हैं सहकारी समितियों से पहले दलालों के माध्यम से ब्लेक में बेचने वालों के यहां सप्लाई हो जाती है दोनों जिलों में बाजार में 450 रुपये प्रति बेग के हिसाब से धड़ल्ले से खाद की बिक्री हो रही है इस सारे खेल में प्रशासनिक अधिकारी कृषि पर्यवेक्षक अहम भुमिका निभा रहे हैं। एफ एस एस सवाईपुर उपकेंद्र रेडवास आकोला बड़लियास में यूरिया खाद की भारी किल्लत है यहां पर अतिशीघ्र खाद की आपूर्ति कराई जाये बरुंदनी बड़लियास सवाईपुर क्षैत्र ब्लैक में खाद बेचने का हब बन चुका है प्रशासनिक अधिकारी कार्यवाही के नाम पर लिपापोती कर लाभ कमा रहे हैं। यदि सब कुछ ऐसा ही चलता रहा तो भारतीय किसान संघ आन्दोलन करेगा।

# भारतीय सांस्कृतिक रीति- नीति और विचार ही संघ की विचारधाराःकैलाश

## संघ ने भारत राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए लिया पंच परिवर्तन का संकल्पः राठौड़

स्मार्ट हलचल| बेगूं

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला शाखा चित्तौड़गढ़ का तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 03 जनवरी सांय से 5 जनवरी तक बानोडा बालाजी बेगूं में आयोजित हुआ।जिला मंत्री कैलाश चंद्र मालू ने बताया कि संगठन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में कुल नौ सत्र आयोजित हुए जिनमें संगठन के बौद्धिक कर्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों को लेकर पाथेय प्रदान किया।मुख्य वक्ता के रूप में प्रथम सत्र विस्तृत परिचय व व्यवस्था जानकारी के तेजपाल सिंह शक्तावत जिला सभाध्यक्ष ने जानकारी प्रदान की,अभ्यास वर्ग का उद्देश्य,महत्व में जगजीतेंद्र सिंह प्रांत महामंत्री अखिल भारतीय साहित्य ने कहा कि राष्ट्र परिवर्तन के लिए वैचारिक प्रतिष्ठान का दृढ़ संकल्प आवश्यक है।मैकाले की शिक्षा पद्धति से उत्पन्न विसंगतियों को ठीक करने की जिम्मेदारी हमारे शिक्षकों की है ताकि हम राष्ट्रवादी समाज का निर्माण कर सके।संगठन के कैलाश चंद्र सुथार संभाग उपाध्यक्ष और अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी भीलवाड़ा ने संगठन की कार्य पद्धति और परिचय विषय पर विचार रखते हुए कहा कि संगठन में हम परिवार भाव से कार्य करते है।भारतीय सांस्कृतिक रीति नीति और विचार ही संगठन की विचारधारा है अर्थात भारत का विचार संगठन की विचारधारा है ।अखिल भारतीय साहित्य परिषद के विभाग मंत्री रामप्रसाद मानम्या ने वैचारिक अधिष्ठान एवं कार्यकर्ता व कोष विषय पर कहा कि आज भी विश्व भारत के चिंतन की और देख रहा है।सबको साथ लेकर चलना ही भारतीय संस्कृति है।हमारी भाषाएं अलग है लेकिन विचार एक है।देश के राष्ट्रीय समाज को संगठित करने के लिए 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। पंच परिवर्तन और विमर्श विषय पर विचार रखते हुए महिपाल सिंह राठौड़ प्रांत संयोजक धर्म जागरण समन्वय चित्तौड़ प्रांत ने कहा कि संस्कार निर्माण के लिए एक



भी दिन का अवकाश नहीं के भाव से कार्य करने वाला विश्व का एकमात्र संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है।संघ ने जाति,पंथ ,संप्रदाय से ऊपर उठकर राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन का संकल्प लिया।संघ सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन,पर्यावरण संरक्षण, स्व का जागरण और नागरिक शिष्टाचार के माध्यम से राष्ट्रवादी समाज का निर्माण करना चाहता है।श्रेणीवार बैठक में विभिन्न शिक्षक समस्याओं पर चर्चा करते हुए संगठन द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की ओर ध्यानाकर्षण करते हुए जिला अध्यक्ष पूरण मल लौहार ने समस्त कार्यकर्ताओं की जिज्ञासाओं का जवाब दिया।

जिला अध्यक्ष पूरण मल लौहार ने बताया कि प्रशिक्षण के तृतीय दिवस प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता और संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने कहा कि हम पहले ऋषि परंपरा से गुरु और गुरु से शिक्षक बन गए है।हमें फिर से शिक्षक से आचार्य बनने के लिए कार्य करना है क्योंकि बालकों का सर्वांगीण विकास करना शिक्षकों की प्रमुख जिम्मेदारी है।नशा मुक्त भारत और आदर्श व्यक्ति निर्माण करते हुए परिवर्तन और संस्कारों का संवाहक शिक्षक बने।हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ प्रदेश प्रकोष्ठ सदस्य प्रकाश चंद्र बक्शी ने हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ संकल्पना को साकार करने के लिए शिक्षकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रभावी प्रार्थना सभा,मासिक गीत,प्रेरक प्रसंग जैसी राष्ट्रवादी गतिविधि से व्यापक परिवर्तन और संस्कार निर्माण संभव है। वर्ग के समारोप सत्र मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह दिनेश भट्ट का पाथेय प्राप्त हुआ।भट्ट ने कहा कि जिनके जीवन में गुणों का समुच्चय हो उनमें व्यवस्था परिवर्तन की क्षमता होती है।बालकों के जीवन में सर्वाधिक प्रभाव शिक्षकों का है।इसलिए हमारे शिक्षकों को आदर्श आचरण से श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।प्रभावी प्रार्थना सभा हमारे विद्यालय का प्राण है।वंदना कक्ष को मंदिर बनकर श्रेष्ठ और चरित्रवान नागरिकों का निर्माण करना चाहिए।इससे हमारे विद्यालय शक्ति केंद्र बनकर समाज निर्माण का कार्य कर सके।इस प्रकार तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में जिला संगठन मंत्री नर्बदा शंकर पुष्करणा एवं मधु जैन एवं जिला कार्यकारिणी के सभाध्यक्ष तेजपाल सिंह शक्तावत, उपाध्यक्ष(पुरुष) हमीर सिंह राजपूत,उपाध्यक्ष संस्कृत शिक्षा शंकर लाल भांभी, सचिव माध्यमिक भंवर सिंह गौड़,महिला मंत्री दीपिका झाला, कोषाध्यक्ष सागर मल पटवा एवं सदस्य अध्यापक सुशील कुमार लड्डा,पंचायत समिति शिक्षक सदस्य विकास आचार्य, प्रयोगशाला सहायक सदस्य आशीष कुमार गुप्ता,पुस्तकालयाध्यक्ष मांगी लाल सुथार सहित समस्त उपशाखा से उपशाखा कार्यकारणी के सभाध्यक्ष, उपसभाध्यक्ष दो, अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष पुरुष- महिला, मंत्री, महिला मंत्री और कोषाध्यक्ष समेत अपेक्षित कार्यकर्ताओं में से 55 कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

# चंवरा का हनुमान जी के दान पात्र खोला, 1.55 लाख निकले



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** मेवाड़ का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा का हनुमान जी के मंगलवार के शुभ अवसर पर दोपहर 1:00 बजे महा आरती के तत्पश्चात दानपात्र खोला गया। दानपात्र से 1 लाख 55 हजार 320,रूपये की राशि प्राप्त हुई। इस अवसर पर

चंवरा का हनुमान जी के मंदिर निर्माण कमेटी अध्यक्ष बालूराम अहीर, सचिव मदनलाल सुथार, उपाध्यक्ष गोपाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष सुरेश बसेर, पुजारी प्रहलाद वैष्णव पुजारी रोशन वैष्णव, दिनेश पोरवाल, लक्ष्मण सिंह, लादू लाल गुर्जर , मोडीराम अहीर , कालू सिंह, मोहन सिंह,बिट्टू राठी, जगदीश चंद्र पोरवाल, नेत्रपाल सिंह राठौड़, लादू लाल व्यास, अशोक सेन, शिव शर्मा, गोदु धाकड़, छोटू गुर्जर, खेमा धाकड़ ,सहित कई भक्त उपस्थत थे।

# बिलोता सहित पंचायत समिति उनियारा मु. अलीगढ़ के विरूद्ध भ्रष्टाचार, अनियमितता व गबन आदि की जॉच में दोषियों पर कार्रवाई की मांग

## उनियारा पंचायत समिति बीडीओ सहित विभागीय अधिकारियों पर जांच के दोषियों को संरक्षण देकर बचाने का आरोप

स्मार्ट हलचल| टोंक/उनियारा

उनियारा उपखण्ड क्षेत्र की बिलोता ग्राम पंचायत से जुड़े गम्भीर प्रकरण में ग्राम पंचायत बिलोता सहित पंचायत समिति उनियारा मुख्यालय अलीगढ़ के जिम्मेदार तत्कालीन व वर्तमान अधिकारी / कार्मिकों विरूद्ध विकास व निर्माण कार्यों में पद का दुरूपयोग कर भ्रष्टाचार, अनियमितता, धांधली व गबन आदि की जिला प्रशासन जिला कलेक्टर सहित जिला परिषद टोंक स्तर से हुई जॉच में दोषी पाए गए करीब जिम्मेदार अधिकारियों, ग्राम पंचायत बिलोता सरपंच और कर्मचारियों के विरूद्ध प्रकरण के परिवादी जागरूक नागरिक आमजन सेवा समिति टोंक के अध्यक्ष / संयोजक एवं शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सहादतनगर के पूर्व अध्यक्ष / वर्तमान उपाध्यक्ष शिवराज बारवाल मीना ने जिला कलेक्टर टोंक को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन की जांच में दोषियों के खिलाफ कानूनी व विभागीय कार्रवाई कर निलम्बित करने तथा गबन, अनियमितताओं की वसूली करने की मांग की गई हैं। ज्ञापन में बताया कि उनियारा पंचायत समिति क्षेत्र की बिलोता ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य के तहत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सहादतनगर में आठ लाख रूपए की लागत से बनाए गए स्कूल भवन निर्माण में घटिया सामग्री लगाने व अधूरे फर्श सहित अन्य अधूरे कार्य को पूर्ण बताकर वित्तीय अनियमितता की गई।

टीएडी योजना में 5 लाख रूपए की लागत से बने शौचालय निर्माण में भी घटिया लगाई गई। इतना ही नहीं सीसी सड़क निर्माण कार्यों में भी जमकर घटिया निर्माण किया जाकर सीसी सड़क कार्यो में दोनों तरफ नालियों का निर्माण नहीं किया गया तथा सीसी सड़क निर्माण कार्यों में भुगतान मय नालियां बताकर उठाया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत हकीकत पात्र परिवारों को पीएम आवास लाभ से वंचित कर अपात्र परिवारों व राजकीय सेवा में कार्यरत परिवारों




को नियम विरूद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची में शामिल कर नियम विरूद्ध अनुचित लाभ दिया गया तथा जांच के बाद आज भी अनुचित लाभ दिया जा रहा हैं। वहीं महानरेगा योजना के कार्यों में भी जारी मस्टरोल में भारी फर्जीवाड़ा कर फर्जी श्रमिकों के नाम चलाए गए, एक ही श्रमिक का फर्जी फोटो अलग-अलग मस्टरोल में अपलोड किया गया। नरेगा मस्टरोल में फर्जी श्रमिक जो गॉवों में मौजूद नहीं रहे, जो बाहर टोंक जयपुर दिल्ली रहकर जॉब या मजदूरी करते हैं उनकी हाजरी मस्टरोल में दिखाई गई तथा नरेगा कार्य पर जारी मस्टरोल में श्रमिकों से कार्य न करवाकर शिकायत होने पर जेसीबी मशीन से आनन फानन में कार्य करवाये गये, जिनके जेसीबी मशीन से ग्रेवल सड़क के दोनों ओर खोदी गई खाईयां व निशान आज तक भी मौजूद है। जबकि सभी शिकायतों के बिन्दुओं पर तत्कालीन जिला कलेक्टर टोंक के आदेश की पालना में अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीसलपुर पुर्नवास देवली की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच कमेटी सहित मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद टोंक, उपखण्ड़ अधिकारी उनियारा, विकास अधिकारी पंचायत समिति उनियारा मुख्यालय अलीगढ़ के स्तर से गठित जांच कमेटी द्वारा शिकायतों में वर्णित सभी बिन्दुओं की जॉच की जा चुकी है। परिवादी ने आरोपों व जॉच उपरान्त समस्त प्रमाणित तथ्यों अनुसार बिलोता ग्राम पंचायत में वर्ष 2021 से 2025 तक कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी जसराम मीणा, जगमोहन मीणा, सरपंच (प्रशासक) सुरेश मीणा समेत उनियारा पंचायत समिति मुख्यालय अलीगढ़ स्तर से सहायक अभियंता विजय सिंह, कनिष्ठ अभियंता मनोज मीणा, तत्कालीन जेटीए विक्रम कुमावत व वर्तमान कनिष्ठ तकनीकी सहायक (जेटीए) कमलेश नागर जॉच में दोषी पाए गए।

उनियारा पंचायत समिति मुख्यालय अलीगढ़ के तत्कालीन विकास अधिकारी नरेन्द्र कुमार मीणा, तत्कालीन कार्यवाहक विकास अधिकारी सविता राठौड़, तत्कालीन सहायक विकास अधिकारी सतीश कुमार सेन, शंकर सिंह ने भी जांच रिकॉर्ड में फेरबदल कर दोषियों को संरक्षण देकर शासन प्रशासन को गुमराह किया गया। वहीं जांच में इतना सब कुछ गड़बड़ झाला सामने आने पर भी पंचायत समिति उनियारा के वर्तमान खण्ड विकास अधिकारी शंकरलाल मेघवाल द्वारा भी जांच में दोषी अधिकारियों व कार्मिकों को लगातार सरंक्षण दिया गया हैं तथा संरक्षण दिया जा रहा है। परिवादी सामाजिक कार्यकर्ता शिवराज बारवाल ने जिला कलेक्टर से शीघ्र ही दोषियों के खिलाफ गबन की रिकवरी करने सहित कानूनी व विभागीय कार्रवाई की मांग की गई हैं।

# महाराणा प्रताप पार्क की दुर्दशा को लेकर विधायक ने अधिशासी अधिकारी को दिए निर्देश



स्मार्ट हलचल

**चाकसू।** चाकसू कस्बे के मध्य में स्थित जनोपयोगी गार्डन महाराणा प्रताप पार्क की बिगड़ती हुई हालत एवं व्यवस्थाओं को पुनः चुस्त दुरुस्त करने के लिए विधायक रामावतार बैरवा ने नगरपालिका अधिशासी अधिकारी डॉ बनवारी लाल मीणा को साथ लेकर पार्क के हालातों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। विधायक के साथ उपस्थित लोगों ने पार्क की रोशनी पानी एवं सुरक्षा व्यवस्था को ठीक करवाने का अनुरोध किया। लावारिस पड़े पार्क में आवारा जानवरों का जमावड़ा, आवारा लोगों की बैठक, फुलवारी एवं हरियाली बनाए रखने के लिए सिंचाई की व्यवस्था, सुबह शाम तक देखरेख के लिए सुरक्षागार्ड लगाने की मांग रखी। विधायक रामलाल बैरवा ने अधिशासी अधिकारी डॉ बनवारी लाल मीणा को पार्क को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने, नियमित सार-संभाल देखरेख करने एवं जो भी समस्या है उनको ठीक करने के लिए कहा। उल्लेखनीय है कि यहां सुबह-शाम भ्रमण करने वाले लोगों का आना-जाना लगा ही रहता है।

# विधायक मीणा ने पुलिस अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## कानून व्यवस्था बेहतर बनाने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित



स्मार्ट हलचल

**महवा।** विधायक राजेंद्र मीणा ने पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय महवा पर सभी थानाधिकारियों की मीटिंग लेकर कानून व्यवस्था को ओर बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाए रखना हमारी पहली प्राथमिकता है और इसके लिए हमें सभी आवश्यक कदम उठाने होंगे।

विधायक मीणा ने कहा कि हमें अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी और आमजन को सुरक्षित माहौल प्रदान करना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय होना आवश्यक है, ताकि अपराधों को रोकने में मदद मिल सके इस दौरान विधायक मीणा ने थानाधिकारियों से उनके क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमें अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विधायक मीणा ने कहा कि हमें आमजन की समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा और उनकी शिकायतों को गंभीरता से लेना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी है कि वह आमजन को सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल प्रदान करे।इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक महवा, थानाधिकारी महवा, थानाधिकारी मंडावर, थानाधिकारी बैजूपाडा, थानाधिकारी बालाहेडी, थानाधिकारी सलेमपुर सहित सभी थानाधिकारी मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि) की ओर से बहरोड़ में हुआ ब्राह्मण सम्मेलन एवं पोषबड़ा उत्सव का आयोजन

स्मार्ट हलचल

**बहरोड़।** शहर के शक्ति रिसोर्ट में रविवार को ब्राह्मण सम्मेलन एवं पोषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाज के लोगो ने भाग लिया और प्रसादी ग्रहण की। आयोजन स्थल पर दिनभर उत्साह का माहौल रहा। अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि) के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शर्मा ने बताया कि केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ.भूपेन्द्र यादव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। अपने सम्बोधन में उन्होंने गरीबी को ख़त्म करने एवं आपसी भाईचारा बनाये रखने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि कोटपूतली के पूर्व विधायक सुभाष शर्मा ने ब्राह्मण समाज को अपनी ताकत पहचानने और एकजुट रहकर कैसे समाज को मजबूत किया जा सकता हैं ये बताया। हरियाणा के नारनौल से आये विशिष्ट अतिथि पूर्व राजस्व मंत्री कैलाश शर्मा ने एक कविता के माध्यम से समाज को सम्बोधित किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि में अलवर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मोहित यादव, केजी कौशिक, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, प्रधान बस्तीराम, नगर परिषद के सभापति सीताराम यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष महासिंह एवं दिल्ली



से पधारे परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री योगेश शर्मा तथा राष्ट्रीय सचिव भगवान राजपुरोहित, प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा, जिला अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, मण्डल अध्यक्ष दीनदयाल शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष कमल शर्मा, बहरोड़ संरक्षक डॉ.रमाकांत शर्मा, कमल शर्मा, मनोज शर्मा, शिव चरण शर्मा, शिव कुमार शर्मा, उमेश लावानिया, बृजकिशोर शर्मा, मुकेश शर्मा, सुभाष शर्मा, योगेश शर्मा, शक्ति रिसोर्ट के डायरेक्टर मोहित शर्मा, जिला महामंत्री डॉ.सौरभ गौड़, विरेंद्र शर्मा, यूथ अध्यक्ष उमेश वशिष्ठ, विधि अध्यक्ष राहुल शर्मा, दिनेश शर्मा, संजय पुरोहित, आनंद शर्मा, प्रतिमा शुक्ला, अशोक शर्मा, अशोक बोहरा, राधेश्याम बोहरा, कैलाश चन्द तिवाड़ी, मनोज मिश्र, मांगेलाल शर्मा, मनीष शर्मा, अमित भारद्वाज, नवीन बंटी शर्मा, पंकज शर्मा, अनिल शर्मा, अनुज शर्मा, प्रदेश सचिव गजेंद्र राजपुरोहित, मधुसूदन, सत्यनारायण शर्मा एवं हजारों की संख्या में विप्रगण उपस्थित रहे। मंच का संचालन राजेंद्र गौतम प्रिंसिपल ने किया।

# प्रदेशाध्यक्ष निर्मला सैन के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

**चाकसू।** आशा सहयोगिनी संगठन की प्रदेश अध्यक्ष निर्मला सैन के नेतृत्व में आशा सहयोगिनी संगठन की तरफ से उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी वार्तालाप करते हुए अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।की गई ज्ञापन में बजट संबंधित,, इसके अलावा आशा बहनों को कार्य को लेकर बहुत लंबे समय से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था इसके निष्कर्ष के लिए स्वास्थ्य भवन में मिशन निदेशक अमित यादव को ज्ञापन सौंपा । एस एन ओ प्रतीक (द्वारा) भी ज्ञापन दिया गया/आशा स्टेट कंसर्ट ऑफिसर प्रियंका राठौर से सभी समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया ।एवं जानकारी ली गई जिसके अंतर्गत वर्तमान समय में जो कार्य आशा के नहीं है वह कार्य भी आशाओं से करवाई जा रहे हैं जैसे कि (आभा आईडी बनाना+निश्चय आईडी बनाना) इन कार्यो को करने के लिए मोबाइल से एक द्वारा किया जाता है जिसमें आईडी अन्य अधिकारी की होती है लेकिन कार्य आशाओं से करवाया जाता है इसके संदर्भ में बताया गया तो उन्होंने यही निष्कर्ष निकाला की आशाओं को उनकी आईडी पर जो एप बनाया गया है इस पर कार्य करना है अन्य पर नहीं अगर कहीं पर भी ऐसा पाया जाता है तो लिखित में वहां से डाक द्वारा भी भेज सकते हैं इसके अलावा आशा बहनों सीएचओ ,एनम को हेल्थ वेलनेस सेंटर का हजार रुपए प्रतिमाह जो इंसेंटिव दिया जाता है उसके लिए आशाओं को मात्र कुछ रुपए दिए जा रहे हैं और कहीं पर तो दिए ही नहीं गए हैं जबकि स्वास्थ्य भवन से 2024 एवं 25 का इंसेंटिव दिया जा चुका है। इसके लिए भी अधिकारी ने यही निष्कर्ष निकला है कि आने वाले समय में आशाओं का जो भी इंस्टिट्यूट बनता है वह ऑनलाइन किया जाएगा ताकि वह पैसा बीच में कहीं भी ना रुके। चाकसू विधानसभा क्षेत्र से भी आशा सहयोगिनी मौके पर मौजूद रही।

# 'शक्ति दिवस 'बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** शक्ति दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को छात्राओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान ब्लड ग्रुप टेस्टिंग, हीमोग्लोबिन जांच, वजन, लंबाई एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। इस अवसर पर डॉ. राहुल चौधरी, सुमंत दाधीच, एएनएम लाजवंती, लैब टेक्नीशियन गायत्री धाकड़, महेंद्र सिंह, पप्पू धाकड़, हेंमेद्र सिंह, शर्मीला व शशिकला उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

# ब्यावर में अवैध मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार: 5 किलो गांजा और अफीम का दूध जब्त, डीएसटी और पुलिस ने की कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** पुलिस की जिला स्पेशल टीम और सिटी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 5 किलो 220 ग्राम गांजा और 0.51 ग्राम अफीम का दूध जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने बताया कि जिला स्पेशल टीम को विशेष सूत्रों से सूचना मिली थी। जानकारी के अनुसार ब्यावर शहर के बिजयनगर रोड क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने घर के बाहर अवैध



मादक पदार्थ गांजा बेच रहा था।

इस सूचना के आधार पर जिला स्पेशल टीम और ब्यावर सिटी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस जाते को देखकर संदिग्ध व्यक्ति अपने घर के अंदर चला गया, जिसे बाद में हिरासत में लिया गया।

संदिग्ध के घर की तलाशी के दौरान 5 किलो 220 ग्राम गांजा और 0.51 ग्राम अफीम का दूध बरामद हुआ। पुलिस ने जब्त कर आरोपी लालचंद सांखला (45) पुत्र चम्पालाल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी बिजयनगर रोड, मुक्तिधाम के सामने, ब्यावर सिटी थाना क्षेत्र का निवासी है। मामले में आगे की पूछताछ और अनुसंधान जारी है।

आरोपी लालचंद सांखला का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी है। उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ था, जिसमें उसे न्यायालय द्वारा परवीक्षा अधिनियम के तहत दंडित किया गया। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भिनाय सरपंच डॉ.अर्चना सुराणा को पुनः प्रशासक के पद पर नियुक्ति मिली



स्मार्ट हलचल

**बांदनवाड़ा अजमेर।** भिनाय (6 जनवरी ) नाटकीय घटनाक्रम के बाद मंगलवार को सांय करीब 5 बजे भिनाय की सरपंच डॉ. अर्चना सुराणा को भिनाय ग्राम पंचायत का प्रशासक नियुक्त करने की जानकारी मिली है।प्रशासक डॉ. अर्चना सुराणा ने बताया कि राज्य सरकार ने उन्हें आदेश जारी करते हुए प्रशासक के पद से हटाया था जिस पर उन्होंने राजस्थान उच्च न्यायालय में रिट याचिका पेश करके सरकार के आदेश को चुनौती दी थी जिस पर हाईकोर्ट की सिंगल बैंच ने राज्य सरकार के आदेश पर रोक लगा दी थी।जिसे राज्य सरकार ने चुनौती देते हुए डब्बल बैंच में अपील की गई इस पर राजस्थान हाईकोर्ट की डिवीजनल बैंच ने सिंगल बैंच के आदेश को ख़ारिज करते हुए सरकार के आदेश को सही माना।सरपंचगण ने डीबी के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील की जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने डब्बल बैंच के आदेश को ख़ारिज करते हुए सिंगल बैंच का आदेश सही माना।जिसकी पालना करते हुए शासन सचिव पंचायती राज विभाग ने प्रशासक को पुनः कार्य भार ग्रहण करवाने के निर्देश दिए।

# मकर संक्रांति पर 'मानव सेवा संकल्प' आयोजित करेगा महारक्तदान शिविर

## फतेहपुरिया बगीची में आयोजित अहम बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप





स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** सामाजिक सरोकार और पीड़ित मानवता की निःस्वार्थ सेवा के लिए सतत सक्रिय संस्था 'मानव सेवा संकल्प' द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर महारक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस जनसेवी आयोजन की तैयारियों एवं रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए संस्था की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय फतेहपुरिया बगीची में संपन्न हुई।

### दीपक रांकावत व मुकेश गर्ग बने शिविर संयोजक

बैठक में सर्वसम्मति से रक्तदान शिविर के सफल आयोजन हेतु जिम्मेदारियां सौंपी गईं। वन्दे गौ मातरम ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं गौ-सेवक दीपक रांकावत तथा अग्रवाल समाज के कोषाध्यक्ष एवं समाजसेवी मुकेश गर्ग को आगामी महारक्तदान शिविर का संयोजक नियुक्त किया गया। दोनों संयोजकों ने आश्वस्त किया कि वे समर्पित टीम के साथ मिलकर अधिकतम रक्तदान सुनिश्चित करते हुए इस शिविर को ऐतिहासिक और प्रेरणादायी बनाएंगे।

### 'रक्तदान जीवनदान से बढ़कर मानव धर्म' — एडवोकेट अजय शर्मा

बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के प्रणेता एडवोकेट अजय शर्मा ने वर्तमान समय में रक्त की आवश्यकता और उसके महत्व पर गहन प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा– 'आज की परिस्थितियों में रक्त की उपलब्धता अनगिनत जीवन बचा सकती है। रक्तदान केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर इस पुण्य कार्य में भाग लेना चाहिए। ' उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान से जुड़कर जीवन बचाने के संकल्प को साकार करें।

व्यापक 'रक्तदान जन-जागरूकता अभियान' चलाया जाएगा। संस्था अध्यक्ष अमित बंसल ने जानकारी दी कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रक्तदान शिविर को सफल बनाने हेतु एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत– विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व से अवगत कराया जाएगा। नगर के सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संस्थाओं एवं धार्मिक समूहों से संपर्क कर सहयोग प्राप्त किया जाएगा। प्रदर्शनियों, पोस्टरों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से 'रक्तदान-महादान' का संदेश जन-जन तक पहुँचाया जाएगा।

### सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता का बनेगा प्रतीक

बैठक को संस्थापक सदस्य राव विरेंद्र सिंह यादव, समाजसेवी निर्मल बंसल, प्रवीण बडौला, प्रो. जलालुद्दीन काठात, उद्योगपति आशीषपाल पदावत, विजेंद्र प्रजापति, गोपाल डाणी, श्रवण बंसल, एडवोकेट दिलीप सिंह गोरा, ब्राह्मण समाज संयोजक मनोज शर्मा, लेब असिस्टेंट रसिक बिहारी व्यास सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि मकर संक्रांति पर आयोजित यह महारक्तदान शिविर समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का सशक्त संदेश देगा।

### बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व रक्तदाता रहे उपस्थित

बैठक में राजेश व्यास, विजय तंवर, पुरुषोत्तम सेवानी, अशोक पंवार, अभिषेक जैन, अज़मत काठात, रवि डंडायत, जितेंद्र सिंह राजावत, दिलीप सोलीवाल, ललित सोनी, अनिल प्रजापति, अजय मूंदड़ा, विजय हेड़ा, पूर्व पार्षद महेन्द्र सिंह गौड़, भूपेन्द्रजीत भोजक, विक्रांत यादव, ओपी गर्ग, चेतन शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, चन्नु यादव, वृतंजय आर्य, योगेश शर्मा, पवन रायपुरिया, अजय गोयल, विशाल मित्तल, राहुल सामरिया, बिरदीचंद खोरवाल, नितिन शर्मा, जगदीश जांगिड, चिराग़ राय शर्मा, सहित संस्था के अनेक सदस्य एवं रक्तदाता उपस्थित रहे, जिन्होंने आगामी शिविर को ऐतिहासिक सफलता दिलाने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में प्रशांत एकोलाइट ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# चौहान का प्रदेश टीटी टीम में चयन

स्मार्ट हलचल| उदयपुर



केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड, नई दिल्ली के तत्वावधान में राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में दिनांक 12.01.2026 से 16.01.2026 तक चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली टेबल टेनिस (पुरुष) खेल-कूद प्रतियोगिता 2025-26 में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुंदाली, सायरा के शिक्षक लक्ष्मण सिंह चौहान का चयन राजस्थान टीम के लिए किया गया है।

विद्यालय के संस्था प्रधान चंद्रशेखर नागदा ने बताया कि राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग के द्वारा चौहान का चयन किया गया है।नागदा ने बताया कि चौहान अध्यापन कार्य के साथ टेबल टेनिस के खिलाड़ी भी रहे है वे अपने उत्कृष्ट खेल से शिक्षा विभाग का राज्य स्तरीय शिक्षक खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सिविल खेलकूद में निरंतर हमारे विभाग का नाम रोशन कर रहे हैं। चौहान का राज्य टीम में चयन होने पर स्कूल स्टाफ के साथ ग्रामीणों ने भी खुशी जताई है।

# चाकसू में मुस्लिम महासभा का 19वां स्थापना दिवस और कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

स्मार्ट हलचल

करौली/मुस्लिम महासभा का स्थापना दिवस एवं कार्यकर्ता सम्मेलन अत्यंत गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पधारे सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक सिकंदर पठान का संपूर्ण जिला कार्यकारिणी एवं प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा विशेष सम्मान किया गया।

स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत क़ुरान ख़ानी से की गई, इसके पश्चात मुस्लिम महासभा का झंडारोहण किया गया। बाद में केक काटकर सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्रदेश अध्यक्ष इक़बाल खान भाटी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान नव-नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनके पद की जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। साथ ही संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से भावी कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।



कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से पधारे सभी जिलाध्यक्षों ने मंच से अपने-अपने विचार व्यक्त किए तथा संगठन की मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम को मुस्लिम महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमा सोलंकी एवं राष्ट्रीय संरक्षक सिकंदर पठान ने संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा, एकता और भविष्य की रणनीति पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम संयोजक इक़बाल भाटी द्वारा किए गए उत्कृष्ट एवं सुव्यवस्थित आयोजन की मंचासीन पदाधिकारियों ने प्रशंसा की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रभारी अमजद खान, राष्ट्रीय महासचिव आबिद खान, प्रदेश मीडिया प्रभारी अज़ीम खान चिनायटा, राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद शाह,प्रदेश उपाध्यक्ष अकबर अली, प्रदेश महासचिव मोहम्मद रफीक ताज, प्रदेश सचिव जहीर खान, भरतपुर संभाग प्रभारी मोहम्मद रफीक बालघाट,सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष वकील अहमद,डीग जिला अध्यक्ष असगर, बालोतरा जिला अध्यक्ष अब्दुल करीम, धौलपुर जिला अध्यक्ष मोहसिन, डीडवाना जिला अध्यक्ष इंसाफ, बूंदी जिला अध्यक्ष शोयब,मिर्ज़ा वासिद बेग, हाजी शहज़ाद खान, जाकिर खान, मुखीद खान, करौली जिला महामंत्री ईशुब हाडौली, करौली जिला मीडिया प्रभारी हनीस कुतकपुर, हिंडौन ब्लॉक अध्यक्ष नसीब मंडावरा, मजीद शाह, मोहम्मद रफीक जयपुर सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संगठनात्मक एकजुटता, उत्साह एवं सकारात्मक संकल्प के साथ किया गया।

# जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस अब ढींढा स्टेशन पर रुकेगी

स्मार्ट हलचल|कोटा

यात्रियों की सुविधा, स्थानीय आवागमन की आवश्यकताओं एवं क्षेत्रीय संपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल से होकर गुजरने वाली जोधपुर-भोपाल-जोधपुर प्रतिदिन एक्सप्रेस ट्रेन का जयपुर मंडल के ढींढा स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक ठहराव प्रदान किया गया है।

इस निर्णय से ढींढा स्टेशन सहित आसपास के ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों के यात्रियों को सीधी रेल सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे उनकी यात्रा अधिक सुगम, समयबद्ध एवं सुविधाजनक बन सकेगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, श्री सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल प्रतिदिन एक्सप्रेस 7 जनवरी से जोधपुर से प्रस्थान कर ढींढा स्टेशन पर सायं 4.01 बजे पहुंचेगी तथा 4.02 बजे प्रस्थान करेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर प्रतिदिन एक्सप्रेस 7 जनवरी से भोपाल से प्रस्थान कर ढींढा स्टेशन पर प्रातः 10.53 बजे पहुंचेगी तथा 10.54 बजे आगे के लिए रवाना होगी।

# क्षैत्रिय पार्षदों ने स्थानीय लोगों के साथ जिला कलेक्टर से मिलकर शहर की विभिन्न समस्याओ से कराया अवगत

स्मार्ट हलचल|बूंदी

क्षेत्रीय पार्षदों ने स्थानीय लोगों के साथ जिला कलेक्टर से मिलकर शहर की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया ओर समस्यायों के निस्तारण की मांग का ज्ञापन जिला कलेक्टर को दिया। जिसमें उन्होंने ने जिला कलेक्टर को बताया कि गढ़ की पड़स पर एवं शहर के बाजारों में अवैध पार्किंग ओर गाड़ियों का आना जाना लगा रहता है जिससे दुर्घटना की सम्भावनाऐ बनी रहती है क्योंकि गढ़ की पड़स पर आवासीय बस्ती होने के कारण यहां छोटे-छोटे बच्चे खेलते रहते हैं ओर यहा वाहन तेज गती से आने के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही



है दो दिन पहले एक बच्चा गाड़ी के नीचे आ गया था जिसके सिर में चोट लगी वह तो लोगों ने पैर पकड़ कर खेच लिया वरना बच्चे की जान जा सकती थी। दूसरी समस्या बाईपास पर जानलेवा गड्ढो की है जिनसे यहां पर दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन गिरकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और दुर्घटनाओं की सम्भावना बढती जा रही है।

अगर उन गड्ढों को जल्दी ही ठीक नहीं किया गया तो कोई जनहानि हो सकती है। शहर के अंदर भी बंदरों की समस्याओं ने बहुत ही विकराल रूप ले लिया है। लाल मुंह के बंदर छोटे-छोटे बच्चों को काट रहे हैं तथा मोबाइल एवं अन्य कीमती सामानों को उठाकर ले जाते हैं बंदर अत्यधिक मात्रा में होने के कारण लोगों को भयंकर समस्या हो रही है इसे पकड़ने के लिए जिला कलेक्टर से आग्रह किया गया है इसी क्रम में रावला के चौक में विधायक कोष से सीसी रोड स्वीकृत हो रखा है लेकिन गढ़ पैलेस का प्रबंधन उसे नहीं बनने दे रहा इन सभी समस्याओं का समाधान के लिए जिला कलेक्टर ने हमें आश्वस्त किया है। जल्दी ही समस्याओ के समाधान से आम जन को राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की समस्याओं से निजात मिलेगी।

# महाराव राजा वंशवर्धन सिंह, बून्दी ने अभिभाषक परिषद् की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का किया गरिमामय सम्मान

स्मार्ट हलचल|बूंदी

विधि एवं न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल के तहत अभिभाषक परिषद् बून्दी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का महाराव राजा वंशवर्धन सिंह, बून्दी द्वारा ईश्वरी निवास में माल्यार्पण कर गरिमामय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर महाराव ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का व्यक्तिगत रूप से माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अधिवक्ता केवल मुक़दमे नहीं लड़ते, वे समाज को न्याय का रास्ता दिखाते हैं। आप




सब पर लोकतंत्र की रीढ़ को मज़बूत रखने की बड़ी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए आशा जताई कि परिषद् अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के साथ आमजन को सुलभ, निष्पक्ष न्याय दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष नारायण सिंह गोड़, उपाध्यक्ष अनीस मोहम्मद, सचिव पंकज दाधीच, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, सह सचिव किशन लाल वर्मा तथा पुस्तकालय अध्यक्ष मुरारी शर्मा शामिल हैं। कार्यकारिणी सदस्य एजाज रिज़वी, हेमराज मीणा, कमलेश गुर्जर, अंकित शर्मा, सोनू सैनी एवं अरविन्द शर्मा, प्रवक्ता एडवोकेट औराक नोमी नैय्यर का भी सम्मान किया गया। अध्यक्ष नारायण सिंह गोड़ ने महाराव राजा वंशवर्धन सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिषद् अधिवक्ताओं के हितों एवं आमजन को सुलभ न्याय के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करेगी। समारोह में महाराजा बलभद्र सिंह कापरेन , एडवोकेट हरीश गुप्ता, एडवोकेट शिफा-उल-हक़ व द नाहर संस्था के सचिव संजय खान, सिल्विन क्वार्डस, राजवीर सिंह, जोगेंद्र सिंह, विजय सोलंकी व सागर कुमार जैन उपस्थित रहे।

# नियति कोठारी ने राइफल शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर बनाई जगह

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

राइफल शूटर नियति कोठारी ने भोपाल मध्य प्रदेश में आयोजित 68वें राष्ट्रीय राइफल शूटिंग चैंपियनशिप कंपटीशन में 10 मीटर राइफल शूटिंग सब यूथ बालिका वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुई। अरुण कोठारी ने बताया कि प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभाशाली निशानेबाजों के बीच नियति ने संयम और सटीक निशाने बाजी का बेहतरीन प्रदर्शन किया । और जिले का नाम रोशन किया। कोठारी ने



बताया कि नियति के निरंतर अभ्यास अनुशासन और लगन के बल पर यह सफलता मिली है। नियति दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा है।

# अवैध खनन व परिवहन पर कड़ी चोट, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

अरावली विस्तार वाले जिलों में राज्य सरकार के निर्देशानुसार अवैध खनन की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उदयपुर जिले में प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में खनन, वन, राजस्व, पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीमें सतत निगरानी रखते हुए प्रभावी कार्यवाही



कर रही हैं।

खनि अभियंता आरिफ अंसारी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत मंगलवार को संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा डबोक क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन करते हुए पाए गए 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली मय मेसोनरी स्टोन को जब्त किया गया। जब्त वाहनों को पुलिस स्टेशन डबोक की सुपुर्दगी में देकर नियमानुसार आगामी कानूनी कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इसी प्रकार निरीक्षण दल ने फतेहनगर क्षेत्र में भी कार्रवाई करते हुए 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली मय मेसोनरी स्टोन जब्त किया। अवैध परिवहन में लिप्त इस वाहन को पुलिस थाना फतेहनगर की सुपुर्दगी में दिया गया है। विभाग द्वारा प्रकरण में नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

उधर पुलिस थाना घासा द्वारा एक ट्रैक्टर पत्थरों से भरा हुआ अवैध खनन परिवहन करता हुआ पाए जाने पर डिटेन किया गया। सूचना मिलते ही खान विभाग ने मौके पर पहुंचकर प्रकरण को अपने स्तर पर लेते हुए आवश्यक कार्यवाही आगे बढ़ाई। अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा।

# शिक्षिका पारस बाई मीणा को मिला राष्ट्रीय क्रांतिकारी नवाचारी शिक्षक सम्मान




स्मार्ट हलचल| बारां

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिपुरा में कार्यरत शिक्षिका पारस बाई मीणा को राष्ट्रीय क्रांतिकारी नवाचारी शिक्षक सम्मान दिया गया। यह सम्मान शिक्षासागर फाउंडेशन राजस्थान के तत्वावधान में कोटा स्थित मालव धाकड़ छात्रावास में आयोजित समारोह में दिया गया। कार्यक्रम देश के 15 राज्यों के 240 नवाचारी शिक्षकों को यह समान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापक शैलेश प्रजापति, हरियाणा के राष्ट्रीय प्रेरक सुरेश राणा, छत्तीसगढ़ की गायत्री मिश्रा, संयोजक भुवनेश मालव एवं कोटा जिला शिक्षा अधिकारी रामचरण मीणा ने प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समारोह में देश के विभिन्न प्रांतों के सैंकड़ों नवाचारी शिक्षक उपस्थित रहे।

# उपखंड अधिकारी कों सौंपा ज्ञापन




स्मार्ट हलचल | बानसूर

कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कल्याणपुरा के ग्रामीणों ने एसडीएम अनुराग हरित को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत कल्याणपुरा के वार्ड संख्या 7, 8 व 9 को रामपुर ग्राम पंचायत से हटाकर पुनः कल्याणपुरा में शामिल करने की मांग की। साथ ही पंचायत भवन निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने और तीन साल से बंद पड़े बीएसएनएल मोबाइल टावर को चालू करने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि नेटवर्क नहीं होने से सरकारी योजनाओं, ऑनलाइन कार्य और छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जबकि पंचायत भवन का निर्माण पिछले पांच साल से अटका है। इस दौरान एडवोकेट प्रभु दयाल चौधरी, महेश चौधरी, हरचंद चौधरी, मोहन लाल चौधरी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। तों वहीं बाबरिया को पंचायत समिति सदस्य क्षेत्र गुंता में शामिल किए जाने पर बाबरिया के ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेश जोशी को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई। ग्रामीणों ने कहा कि बाबरिया व गुंता की कोई सीधी सीमा नहीं है, जबकि माजरा ढाकोड़ा ग्राम पंचायत बाबरिया के अधिक निकट है। इस मौके पर धीरज मौर्य, विजेंद्र मौर्य, बोदाराम गुर्जर, सुरेश गुर्जर, सुनील दत्त, अंकेश गुर्जर, विशाल यादव, अमर सिंह, मुकेश कुमार, प्रिंस कुमार सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहें।

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका ने विद्यालय को भेंट किया इन्वर्टर सैट

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर।** राजकीय सेवा से निवृत्त होने के बाद भी शिक्षा और संस्थान के प्रति लगाव की एक प्रेरक मिसाल सामने आई है। बनारसी देवी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की पूर्व संस्था प्रधान चंद्रकला झाझड़िया ने विद्यालय की छात्राओं की सुविधा हेतु करीब 50 हजार रुपये की लागत का डबल बैटरी इन्वर्टर सैट सप्रेम भेंट किया।

एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान भेंट स्वीकार करते हुए विद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता ने इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती के दौरान यह इन्वर्टर छात्राओं की पढ़ाई और विद्यालय के कार्यों में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर समाजसेवी व पूर्व चेयरमैन मंगतूराम मोहता सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।




उल्लेखनीय है कि चंद्रकला झाझड़िया प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. जयलाल झाझड़िया की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविन्द झाझड़िया की माताजी हैं। प्राचार्य ने उनके इस कदम की सराहना करते हुए भविष्य में भी विद्यालय से इसी प्रकार जुड़ाव बनाए रखने का आग्रह किया।

# नव नियुक्त जिला कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोलंकी ने लिया आशीर्वाद



स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

नव नियुक्त चित्तौड़गढ़ ज़िला कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के ज़िला अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह सोलंकी ने अपने सह अधिवक्ताओं सहित राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं नियुक्ति हेतु आभार व्यक्त किया।

सोलंकी के सह अधिवक्ताओं ने कहा कि सोलंकी की नियुक्ति कांग्रेस संगठन को विधिक रूप से सशक्त बनाने तथा आमजन को न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने नव नियुक्त अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह सोलंकी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा और संविधानिक मूल्यों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिवक्ता फ़हीम खान बक्सी, नदीम खान, अरविंद गोयल, साजिद अली, अबरार अहमद, राजेश सोलंकी, निशांत मेहता, सत्यनारायण सालवी, महावीर, अब्दुल गफ्फार, महबूब खान, शुभम छाजेड़, मदन कराड़िया, मुकेश खटीक, शंभुलाल तेली, रामलाल अहीर, अमरचंद धाकड़, दशरथ कुमावत, कौशल भाराड़िया सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# आनंद ही परमात्मा का अंतिम स्वरूप है: राष्ट्रीय संत गिरी

स्मार्ट हलचल| बारां

स्व. मुरलीधर साबू मेमोरियल ट्रस्ट एवं विष्णु साबू परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अयोध्या के कोषाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संत गोविंददेव गिरी महाराज ने व्यास पीठ से कहा कि सारे संसार में जिस किसी को परमात्मा का साक्षात्कार हुआ, उस किसी ने बस एक ही वाक्य में अपने अनुभव बताए हैं। वह यह है कि आनंद ही परमात्मा का अंतिम स्वरूप है।

एनएच 27 बारां बायपास पर



पुलिस लाइन रोड के पास द होटल द्वारिका परिसर में आयोजित कथा में श्रद्धालू शीतलहर व कड़ाके की सर्दी के बावजूद भक्तिरस में डूबे रहे। कथा के दौरान देवर्षि नारद एवं भागवत कथा के रचयिता महर्षि व्यास के बीच संवाद का मार्मिक वर्णन किया तो श्रद्धालू भावविभोर हो उठे तथा तालियों की गड़गड़ाहट की।

# भीमसाना बांध निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप: ग्रामीणों के धरने को मिला डॉ. कृष्णा पूनिया का समर्थन

**पूर्व विधायक ने सरकार को घेरा; कहा- 'जनता के हक के पानी में मिलावट और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं, आंदोलन होगा तेज**

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर।** सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र के भीमसाना गांव में निर्माणाधीन बांध में कथित तौर पर घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश गहराता जा रहा है। मंगलवार को पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया धरना स्थल पर पहुंचीं और ग्रामीणों के संघर्ष को अपना समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए प्रशासन और वर्तमान सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया।

## 'भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ने देंगे 26 गांवों की प्यास '

धरने को संबोधित करते हुए डॉ. कृष्णा पूनिया ने कहा कि भीमसाना बांध पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत किया गया



था, जो क्षेत्र के 26 गांवों के लिए पेयजल का मुख्य आधार है। उन्होंने कड़े लहजे में कहा, 'ग्रामीणों के पीने के पानी के स्रोत के साथ खिलवाड़ कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। बांध के निर्माण में जिस तरह की घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, वह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार का प्रमाण है। हम इस बांध को भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ने देंगे। '

## भाजपा सरकार पर बोला हमला

पूर्व विधायक ने प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार के दो साल बीत जाने के बाद भी विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज राजगढ़ सहित पूरे ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली और पानी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है और आने वाले पंचायत चुनावों में वह सरकार को इसका करारा सबक सिखाएगी।

आंदोलन तेज करने की चेतावनी संघर्ष समिति ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य में सुधार नहीं किया गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो इस आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जाएगा।

## इनकी रही उपस्थिति:

इस अवसर पर महेंद्र सहारण, जयप्रकाश दलाल, राधेश्याम शर्मा, करतार टांडी, सुनील, सुरेश कुमार, धर्मवीर सिहाग सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और संघर्ष समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# राजपुरोहित बने सैल्यूट तिरंगा संगठन के बालोतरा जिला प्रभारी

स्मार्ट हलचल | सिवाना



समाजसेवी कैलाशसिंह राजपुरोहित घाणा को सैल्यूट तिरंगा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ.मदन मोहन पालीवाल द्वारा बालोतरा जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह मनोनयन माँ भारती और राष्ट्रवादी संगठन सैल्यूट तिरंगा के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण और सामाजिक कार्यों को देखते हुए किया गया।संगठन की ओर से अपेक्षा जताई गई है कि वे निरंतर निष्ठा भाव से कार्य करते हुए संगठन को सशक्त बनाएंगे तथा जिला स्तर पर अपनी कार्यकारिणी का गठन करेंगे।नियुक्ति की घोषणा के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों ने कैलाशसिंह राजपुरोहित घाणा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।नवनियुक्त जिला प्रभारी कैलाशसिंह राजपुरोहित घाणा ने संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व की गरिमा बनाए रखने तथा सैल्यूट तिरंगा संगठन को हर संभव तरीके से मजबूत करने का आश्वासन दिया।

# बानसूर नगर कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित, राहुल आर्य बनें अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल | बानसूर

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर संगठन महासचिव ललित तूनवाल ने नगर कांग्रेस कमेटी बानसूर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। कांग्रेस आलाकमान ने 28 वर्षीय राहुल आर्य को अध्यक्ष बनाकर नगर कांग्रेस कमेटी की कमान सौंपी हैं। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष सहित कुल 31 सदस्यों को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष के अलावा एक संगठन महासचिव, एक प्रवक्ता, एक सोशल मीडिया प्रभारी, पांच उपाध्यक्ष, पांच महासचिव,10 सचिव व सात कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल आर्य ने पार्टी नेतृत्व का आभार



व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने मुझे जो भी दायित्व सौपा हैं उसका पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करूंगा। नई कार्यकारिणी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने तथा जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए कार्य करेंगी।



# किचन चिमनी की चिकनाई पल भर में गायब

## बिना जाली निकाले चमकाएं नई जैसी

**खाना पकाने के दौरान निकलने वाली चिकनाई, तेल और धुएं की वजह से चिमनी के अंदर और फिल्टर के आसपास एक चिपचिपी और मोटी काली परत जम जाती है। इस कारण चिमनी गंदी हो जाती है। जिसे साफ करना काफी ज्यादा मेहनत भरा काम होता है।**

अधिकतर लोग तेल और मसाले के धुएं से बचने के लिए किचन में चिमनी लगाते हैं। लेकिन अगर सप्ताह में या महीने में चिमनी की सफाई न की जाए, तो खाना पकाने के दौरान निकलने वाली चिकनाई, तेल और धुएं की वजह से चिमनी के अंदर और फिल्टर के आसपास एक चिपचिपी और मोटी काली परत जम जाती है। इस कारण चिमनी गंदी हो जाती है। जब इस चिमनी को साफ करने की बात आती है, तो अक्सर चिमनी की जाली को निकालना और फिर इसको घंटों तक डिटर्जेंट और गरम पानी में भिगोना पड़ता है, जोकि काफी ज्यादा मेहनत भरा काम होता है।

ऐसे में अगर आपके घर में भी चिमनी लगी है और वह गंदी हो गई है। तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको असरदार और कमाल का क्लीनिंग हैक बताने जा रहे हैं। जिसकी सहायता से बिना जाली निकाले आप मिनटों में चिमनी को नए जैसा चमका सकती हैं।



### जरूरी सामान

बेकिंग सोडा

सिरका

लिक्विड डिश वॉश सोप

ऐसे बनाएं घोल

सबसे पहले एक सफेद स्प्रे बोतल ले लें।

अब इसमें बराबर मात्रा में बेकिंग सोडा, सफेद सिरका और लिक्विड डिशवॉशिंग सोप डालें।

फिर करीब 1/4 कप गुनगुना पानी डालकर बोतल को बंद करके अच्छे से हिलाएं, जिससे कि सभी चीजें मिक्स हो जाएं।

### ऐसे करें इस्तेमाल

बता दें कि इस घोल का इस्तेमाल करने से पहले चिमनी की सतह पर अखबार या कपड़ा बिछाएं और गैस स्टोव के बर्नर को ढक दें। वहीं यह तरीका चिमकी के ठंडा होने पर अपनाएं।

चिमनी के अंदरूनी हिस्से और जाली के बाहर की ओर जहां-जहां पर चिकनाई दिख रही है, वहां पर इस घोल को स्प्रे करें।

इस घोल को करीब 15-20 मिनट तक के लिए ऐसे ही छोड़ दें।

वहीं समय पूरा होने के बाद इसको साफ कपड़े से धीरे-धीरे पोछें।

जब सारी गंदगी साफ हो जाए, तो माइक्रोफाइबर कपड़े से चिमनी को पोछें।



# सर्दी की सुबह को बनाएं लाजवाब : मूली-चावल की पूड़ी का अनोखा स्वाद

सर्दियों में हर एक घर में सबसे ज्यादा गरमा-गरम पूड़ियां और पराठे खूब खाएं जाते हैं। इस मौसम में पूडी-कचौड़ी खाने का एक अलग ही मजा आता है। वैसे तो लोग गेहूं की पूड़ियां खाईं जाती हैं, लेकिन क्या आप कभी मूली और चावल के आटे की पूड़ी ट्राई की है। यदि नहीं, तो इस बार आप घर पर ही मूली और चावल की पूड़ी बनाकर जरुर देखें। इसका स्वाद भी लाजवाब होता है और यह काफी कुरकुरी पौष्टिक लगती हैं। आइए आपको बताते हैं कैसे बनाएं मूली और चावल की पूड़ी को कैसे बनाएं।

मूली और चावल की पूड़ी कैसे बनाएं?

– इसके लिए आप मूली को अच्छे से धोकर छील लें और इसे बारीक वाले कद्दूकस से कस लें। अब एक बड़े बर्तन में चावल का आटा लें।

– फिर इसमें कद्दूकस की हुई मूली, बारीक कटा हरा धनिया, अदरक-मिर्च का पेस्ट, अजवाइन, थोड़ी सी हल्दी, लाल मिर्च और नमक डालें।

– इसके बाद इसमें एक छोटा चम्मच तेल डालकर अच्छे से मिक्स कर आटे को गूंथने के बाद 5-10 मिनट के लिए ढककर रख दें।

– छोटी-छोटी लोइयां तोड़कर चकले पर थोड़ा सा तेल लगाकर हल्के हाथों से छोटी-छोटी पूड़ियां बेल लें।

– यदि पूड़ियां किनारे से फट रही हैं, तो आप किसी कटोरी की मदद से उन्हें गोल काट सकते हैं।

– तेल गर्म होने के बाद, इसमें पूड़ी डालकर लो फ्लमे पर दोनों तरफ से सुनहरा और कुरकुरा होने तक तल लें।

– इसके बाद गरमा-गरम मूली और चावल की पूड़ियों को हरी धनिये की चटनी, आम के अचार या दही के साथ सर्व करें।

इन बातों का रखें ख्याल

– मूली कद्दूकस करने के बाद काफी पानी को छोड़ती है, इसलिए आटे में पानी डालने से पहले मूली और मसालों को अच्छी तरह मिला लें।

– आटा हमेशा हल्के गरम पानी से गूंथे।

– जब आप पूड़ियों को बेलें तो इसे गेहूं की पूड़ियों की तरह जोर बिल्कुल भी न लगाएं।

– जब आप पूड़ी को फ्राई करें, तो तेल अच्छी से गर्म होना चाहिए।

# आयरन का पावरहाउस है काला चना

**आजकल एनर्जी ड्रिंक्स और सप्लीमेंट्स के दौर में हम एक ऐसे सुपरफूड को भूलते जा रहे हैं, जो हमारी दादी-नानी की रसोई में रोज की शान हुआ करते थे। काला चना करी इसी तरह की एक रेसिपी है, जिसमें आसान चीजों को धीरे-धीरे पकाया जाता है ताकि ठंडे महीनों में शरीर को पोषण मिल सके। काला चना सदियों से भारतीय रसोई में इस्तेमाल होता आ रहा है। दादी-नानी इस पर एक भरोसेमंद सामग्री के तौर पर निर्भर रहती थीं, जो आसानी से स्टोर हो जाता थी और ताकत देती थी खासकर सर्दियों में जब शरीर को लगातार एनर्जी की ज़रूरत होती थी।**

### यह लोग जरूर खाएं ये डिश

एनर्जी और ग्रोथ के लिए इसे बच्चों को जरूर दें। आयरन की कमी से बचाव के लिए महिलाएं इसे अपने डाइट में जरूर शामिल करें। कमजोरी और पाचन के लिए बुजुर्गों को भी इसे जरूर खाना चाहिए। ध्यान रखें कि अगर ज्यादा गैस की समस्या हो तो हींग और जीरा डालें। रात में भारी मात्रा में न खाएं और डायबिटीज वाले पोर्शन कंट्रोल रखें। काले चने की करी सिर्फ एक सब्जी नहीं, बल्कि दादी-नानी की समझदारी से मिली सेहत की विरासत है। अगर आप नेचुरल तरीके से एनर्जी, आयरन और प्रोटीन बढ़ाना चाहते हैं, तो इस भूले-बिसरे सुपरफूड को अपनी थाली में जरूर शामिल करें।

### आयरन का पावरहाउस है काला चना

काले चने में मौजूद आयरन शरीर में खून की कमी (एनीमिया) से बचाता है। कमजोरी और थकान दूर करता है। महिलाओं के लिए यह खासतौर पर फायदेमंद होता है। प्रोटीन से भरपूर काले चने की करी, मसल्स को मजबूत बनाती है। इसे खाने से लंबे समय तक पेट भरा रहता है। शाकाहारियों के लिए यह बेहतरीन प्रोटीन विकल्प है

### एनर्जी बढ़ाने में कारगर

दादी-नानी का मानना है कि काला चना धीरे-धीरे ऊर्जा देता है, ब्लड शुगर को संतुलित रखता है और दिनभर एक्टिव बनाए रखता है। फाइबर से भरपूर होने के कारण यह कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने में मदद करता है। यह दिल की सेहत के लिए भी बुहत अच्छा है।

### काले चने की करी बनाने का आसान तरीका

–रात भर काले चने भिगो दें

–सुबह प्रेशर कुकर में उबाल लें

–प्याज, टमाटर, अदरक-लहसुन और देसी मसालों में पकाएं

–अंत में थोड़ा घी डालें — स्वाद और पोषण दोनों बढ़ेगा



# नहीं खराब होगी कटी हुई सब्जियां

## किचन में इन तरीकों से कर लें स्टोर



वर्किंग महिलाओं के लिए किचन और बाहर के काम संभालना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। ऐसे में वह किचन के काम को आसान बनाने के लिए कुछ स्मार्ट हैक्स का इस्तेमाल करती हैं। सब्जियां बनाने के लिए महिलाएं पहले से ही काटकर रख लेती हैं लेकिन ज्यादा समय तक किचन में सब्जियां पड़ी रहने के कारण खराब होने लगती हैं। आपको बताते हैं कुछ ऐसे स्मार्ट ट्रिक्स जिनका इस्तेमाल करके आप सब्जियों को स्टोर कर सकते हैं। चलिए जानते हैं इनके बारे में...

### कटे हुए आलू का इस तरह करें स्टोर

कटे हुए आलू यदि लंबे समय तक बाहर पड़े रहें तो उनका रंग काला पड़ने लगता है। ऐसे में आप कटे हुए आलू को ठंडे पानी में स्टोर कर लें। इससे वह खराब नहीं होंगे और न ही काले पड़ेंगे।

### केले स्टोर करने का तरीका

केले भी बाहर पड़े रहने के कारण खराब होने लगते हैं ऐसे में आप केले के गुच्छे के सीरे को प्लास्टिक या फिर अल्यूमिनियम पेपर से रेप करके रख दें। इससे केले लंबे समय तक चलेंगे और फ्रेश भी रहेंगे।

# पलेई मोड पर 31 जनवरी तक स्पीड ब्रेकर नहीं बना तो ग्रामीण करेंगे चक्का जाम

## निवाई एसडीएम प्रीती मीना से मिले किसान महापंचायत प्रतिनिधि



स्मार्ट हलचल । दूनी/टोंक

किसान महापंचायत के निवाई ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह पलेई के नेतृत्व में किसान महापंचायत प्रतिनिधि मंडल ने वनस्थली मोड़ से जोधपुरिया जाने वाली मुख्य सड़क पर साधनों की आवाजाही अत्यधिक होने के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है।इससे कहीं लोगों को नुकसान पहुंचा है।इसके लिए किसान महापंचायत प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी प्रीति मीना से वार्ता की और बताया कि पलेई मोड एवं राधा स्वामी सत्संग के सामने स्पीड ब्रेकर बनाया जाए। इसके लिए पहले भी प्रशासन को अवगत करा दिया गया था लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 31 जनवरी तक प्रशासन द्वारा स्पीड ब्रेकर नहीं बनाया गया तो मुख्य सड़क पर आम नागरिकों द्वारा चक्का जाम किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर ब्लाक महासचिव गोविंद चौधरी पलेई, अध्यक्ष सूरज नारायण चौधरी, राजाराम पहाड़ी, श्री राम चौधरी आदि उपस्थित थे।

# इंद्रलोक फाउंडेशन द्वारा आयोजित हुआ ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड समारोह

## मुख्य अतिथि जयपुर मेयर डॉ.सौम्या गुर्जर ने की कार्यक्रम में शिरकत



स्मार्ट हलचल | जयपुर

इंद्रलोक फाउंडेशन द्वारा आयोजित ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड समारोह का सफल आयोजन संस्था की डायरेक्टर इंद्रा बंसल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी अवार्डी को अलग-अलग कैटेगरी के माध्यम से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जयपुर शहर की महापौर डॉ.सौम्या गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। डॉ.सौम्या गुर्जर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों और अवार्डियों को प्रोत्साहित किया तथा इंद्रलोक फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में फ़िल्म प्रोड्यूसर एन.के. मित्तल, को-एक्टर विजय लक्ष्मी भी उपस्थित रही। मित्तल ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए संस्था को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। संस्था की डायरेक्टर इंद्रा बंसल ने सभी अवार्ड प्राप्तकर्ताओं को बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी समाज हित में निरंतर कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्था की सहयोगी मीनू सिंह, माया सैनी, ललिता टाक, दीपिका राठौड़ एवं रमेश टाक की विशेष उपस्थिति रही। सभी सहयोगियों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम की सराहना की और आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com